प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 18 | अंक 92 | दैनिक | रांची | शनिवार 16 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

**सुविचार**

अपना जीवन जीने के केवल दो ही तरीके हैं. पहला यह मानना कि कोई चमत्कार नहीं होता है, दूसरा है कि हर वस्तु एक चमत्कार है।

अल्बर्ट आईन्सटीन




## हो जाएं तैयार, आ रही है कंपकंपाने वाली ठंड!

### तीन डिग्री तक कम होगा पारा, चेतावनी भी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में तापमान में धीरे-धीरे कमी आ रही है। अब मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पश्चिमी भारत में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। यानी कि ठंड आने वाली है। बिहार, पंजाब, हरियाणा, उत्तर पश्चिम राजस्थान में अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घने से बहुत घना कोहरा देखने को मिलने जा रहा है। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाकों में भी अगले दो दिनों तक बहुत घना कोहरा पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो केरल, तमिलनाडु में भारी बारिश हुई।

इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा में घना कोहरा छाया। साथ ही, चंडीगढ़, पूर्वी बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी घना कोहरा देखने को मिला। बारिश की बात करें तो दक्षिण भारत में 15-17 नवंबर के बीच हल्की से मध्यम बारिश होगी। साथ ही, आंधी तूफान व बिजली कड़कने की भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, उत्तरी पंजाब के इलाकों में आज हल्की बारिश होगी। तमिलनाडु, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा में 15 नवंबर, केरल, माहे में 15 और 16 नवंबर को तेज बारिश देखने को मिलेगी। पंजाब, हरियाणा, बिहार में 17 नवंबर की सुबह तक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर की सुबह तक घने से बहुत घना कोहरा देखने को मिलेगा। वहीं, पश्चिमी राजस्थान, बिहार में 18 की सुबह तक, हिमाचल प्रदेश में 17-19, उत्तर प्रदेश, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम में 17 नवंबर की सुबह तक बहुत घना कोहरा छाया रहेगा।



## अब ट्रैफिक संभालते नजर आएंगे ट्रांसजेंडर्स

### स्पेशल यूनिफॉर्म और मिलेगी अच्छी सैलरी, रेड्डी सरकार का बड़ा फैसला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में ट्रैफिक वालंटियर्स के तौर पर ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति होने वाली है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को यह निर्देश जारी किया। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, होम गार्ड के समान ही ट्रांसजेंडरों के लिए स्पेशल ड्रेस कोड होगा और उन्हें निश्चित वेतन दिया जाएगा। फिलहाल, यह भर्ती प्रयोग के तौर पर जा



रही है। माना जा रहा है कि इससे शहर में यातायात उल्लंघन के बढ़ते मामलों को कम करने में मदद मिलेगी। ड्रंक ड्राइविंग चेकप्वॉइंट्स और दूसरे हाई-ट्रैफिक इलाकों में इनकी तैनाती की जाएगी, जो काफी कारगर साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को हैदराबाद शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं पर चिंता जताई। इसके समाधान के लिए उन्होंने यातायात स्वयंसेवकों के रूप में ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों से निर्देश दिया कि पहले चरण में हाई-ट्रैफिक जोन्स में ट्रांसजेंडरों को तैनात किया जाए।

## प्रदूषण इफेक्ट! कुछ पहले आएंगे ऑफिस, कुछ बाद में

### दिल्ली में बदली गई सभी सरकारी दफ्तरों की टाइमिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार गंभीर होते जा रहे प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। जिसके चलते नगर निगम, केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के ऑफिसों में अलग-अलग समय पर कामकाज होगा। इस बात की जानकारी खुद मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। आतिशी ने ट्वीट करते हुए बताया कि, 'सड़कों पर ट्रैफिक जाम और उससे जुड़े प्रदूषण को कम करने के लिए अब दिल्ली के सरकारी कार्यालय अलग-अलग समय पर खुलेंगे। इसके बाद



उन्होंने अलग-अलग विभागों के कार्यालयों के समय में किए गए बदलाव को भी बताया। नई व्यवस्था के तहत दिल्ली नगर निगम के ऑफिस सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक खुलेंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार के दफ्तर का समय सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रहेगा। वहीं दिल्ली सरकार के कार्यालयों का वक्त सुबह दस बजे से शाम साढ़े छह बजे तक रहेगा। इससे एक दिन पहले दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पांचवीं तक के स्कूलों को अगले आदेश तक बंद करने का फैसला किया था और सिर्फ ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का निर्देश दिया था।

## पृथ्वी की तरफ तेजी से बढ़ रहा 'अंतरिक्ष का हत्यारा'

### वैज्ञानिकों ने दी 'भूकंप' की चेतावनी, भयंकर विस्फोट की आशंका

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अंतरिक्ष आज भी वैज्ञानिकों के लिए पहेली बना हुआ है। पृथ्वी के अलावा ब्रह्मांड में असंख्य ग्रह और क्षुद्रग्रह हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि एक क्षुद्रग्रह अपोसिस धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा अनुमान जताया गया है कि जब यह धरती के नजदीक होगा तो गुरुत्वार्षण के कारण खगोलीय भूकंप आ



सकता है, जो कई परमाणु बमों के विस्फोट से निकली ऊर्जा के बराबर होगा। वैज्ञानिक पिछले 20 साल से इस क्षुद्रग्रह का अध्ययन कर रहे हैं। क्षुद्रग्रह के 13 अप्रैल 2029 में धरती के पास से गुजरने की संभावना है। इसे तबाही का देवता या अंतरिक्ष का हत्यारा उपनाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने इस क्षुद्रग्रह की खोज 2004 में की थी। तब से खगोलविद अपोफिस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2029 में यह धरती के पास से होकर गुजरेगा। वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि इसके धरती से टकराने की संभावना 2.7 प्रतिशत है। जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक बारीकी से नजर रख रहे हैं।

नाबालिग पत्नी से

## सहमति से संबंध बनाना भी माना जाएगा अपराध

### बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, 10 साल की सजा भी रखी बरकरार



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने कहा नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध भी कानून के तहत बलात्कार ही माना जाएगा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पाक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस गोविंद सनप की बेंच ने पत्नी के साथ रेप के लिए एक व्यक्ति की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी दलील को खारिज कर दिया। दोषी का तर्क था कि पीड़ित के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए थे। उस समय वह उसकी पत्नी थी। ऐसे में इसे रेप नहीं कहा जा सकता। जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस सनप ने कहा, निर्धारित कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती।

## पीओके में नहीं जाएगी ट्रॉफी... आईसीसी का साफ इनकार

### टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका, भारत का दिखा पावर

### आईसीसी ने पीओके के तीन शहरों में ट्रॉफी ले जाने से किया मना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी या नहीं अभी इस बात पर विवाद है, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने पूरे देश में ट्रॉफी घुमाने का ऐलान कर दिया था। इस पर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक्शन लेते हुए उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के तीन शहरों में ट्रॉफी ले जाने से मना कर दिया है। बता दें कि भारत ने टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान तैयार होता है तो




टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल से खेला जाएगा, यानी भारत के सभी मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे, जबकि फाइनल भी पाकिस्तान में नहीं खेला जाएगा।

इस बीच पाकिस्तान ने एक दिन पहले ही ट्रॉफी अपने देश में घुमाने का ऐलान किया था। इस पर आईसीसी हरकत में आ गई है। दूसरी ओर, आईसीसी ने अभी चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उसने ट्रॉफी पाकिस्तान भेजी है।

## महाराष्ट्र के हिंगोली में शाह के हेलीकॉप्टर की हुई जांच

**हिंगोली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के हिंगोली में शुक्रवार दोपहर गृह मंत्री अमित शाह के हेलीकॉप्टर की जांच हुई। इलेक्शन कमिशन के अधिकारियों ने शाह के हेलीकॉप्टर की जांचा और उसमे रखा सामान भी खोलकर देखा। पूरी जांच की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वहीं, शाह ने भी इस चेकिंग के वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- आज महाराष्ट्र के हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मेरे हेलीकॉप्टर की जांच की। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है और माननीय चुनाव आयोग के बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है। उन्होंने लिखा- हम सभी को एक स्वस्थ चुनाव प्रणाली में योगदान देना चाहिए और भारत को दुनिया का मजबूत लोकतंत्र बनाना चाहिए।



## जमुई में फिर बोले नीतिश, अब कहीं नहीं जाऊंगा

### प्रधानमंत्री मोदी की सभा में किया ऐलान, पहले भी खा चुके हैं ऐसी कसम

### पीएम ने की 6 हजार 640 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत, नगाड़ा बजाया

**जमुई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार बिहार आए। जमुई के बल्लोपुर में शुक्रवार को वो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पीएम ने ये स्मारक सिक्का और डाक टिकट बिरसा मुंडा के वंशज को भेंट भी किया। इस दौरान पीएम ने 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा दो जनजातीय फ्रीडम फाइटर म्यूजियम और दो जनजातीय रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया।

**40 मिनट के भाषण में आदिवासियों पर फोकस-** नीतिश कुमार के बाद पीएम मोदी मंच पर पहुंचे। करीब 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों पर फोकस किया। परिवारवाद और आदिवासियों की अनदेखी को लेकर पिछली सरकारों को घेरा। नीतिश कुमार की तारीफ भी की। इस दौरान नीतिश कुमार ने एक बार फिर दोहराया कि अब वह कहीं नहीं जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने



भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी।

● **हमारी सरकार ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया-** पीएम ने कहा कि पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में ही अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बना। पहले आदिवासियों के लिए 25 हजार करोड़ से भी कम का बजट था। हमारी सरकार ने इसे 5 गुना बढ़ाकर सवा लाख करोड़ तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हमने रांची में भगवान बिरसा के नाम पर एक विशाल संग्रहालय शुरू किया है। आज श्रीनगर और सिक्किम में दो आदिवासी अनुसंधान केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया है। पीएम ने कहा कि एनडीए सरकार ने लेह में सोवा रिग्पा, अरुणाचल में नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद स्थापित किया।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय उद्योग मेले के झारखंड मंडप में मत्स्य पालन विभाग का स्टाल बना आकर्षण का केंद्र

**विशेष संवाददाता ,रांची/नईदिल्ली।** भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला- 2024 में झारखंड मंडप का उद्घाटन गुरुवार को उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने किया। इस क्रम में उन्होंने झारखंड के मत्स्य पालन विभाग के स्टॉल का दौरा किया। उनके साथ हर्ष मंगला (आईएएस), निदेशक, स्वास्थ्य, (भारत सरकार), सुशांत गौरव (आईएएस), निदेशक उद्योग भी थे। झारखंड के मत्स्य पालन निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी ने उनका स्वागत किया और स्टॉल में प्रदर्शित विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हमारी गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। विदित है कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में इस वर्ष झारखंड को फोकस राज्य के रूप में चयनित किया गया है। साझेदार राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश और बिहार है। यह मेला भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 27 नवंबर तक रहेगा। इसमें देश के सभी राज्य भाग ले रहे हैं। उक्त जानकारी झारखंड मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।




## महाराष्ट्र में 23 नवंबर से शुरू होगा असली 'खेला'

### सीएम पोस्ट के लिए 'म्यूजिकल चेयर' की शुरू होगी दौड़

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच ताबड़तोड़ 'बयानों के बाण' चलाए जा रहे हैं। हेलीकॉप्टर चेकिंग, बाल ठाकरे, अडाणी, कटेंगे तो बंटेंगे जैसे नारों से चुनावी समर सज चुका है। अभी असली लड़ाई बाकी है, जो 23 नवंबर को चुनाव परिणाम के बाद शुरू होगा। एक्सपर्ट मानते हैं कि चुनाव के बाद सत्ता किसी भी पक्ष को मिले, सीएम की कुर्सी के लिए राजनीतिक उलटफेर के लिए स्टेज भी तैयार हो गया है। दोनों गुटों में सीएम पोस्ट के लिए कई दावेदार हैं और चुनावी भाषणों में भी इसके संकेत मिलने लगे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने एक रैली में कहा कि महाराष्ट्र को नरेंद्र मोदी और फड़णवीस पर भरोसा है।




● **अब दोबारा डिप्टी नहीं बनेंगे देवेंद्र फड़णवीस-** महायुति में भी मुख्यमंत्री की कुर्सी भी पार्टियों को घनचक्कर बनाने वाली है। महायुति के नेता सीएम पद को लेकर बोलने से बच रहे हैं, मगर गठबंधन में सीएम पद के तीन दावेदार हैं। एनसीपी प्रमुख अजित पवार खुले तौर पर सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। सीएम बनने के बाद डिप्टी सीएम बनने वाले देवेंद्र फड़णवीस भी बता चुके हैं कि वह एकनाथ शिंदे के डिप्टी बनने के लिए तैयार नहीं थे। पार्टी के आदेश पर उन्होंने सरकार संभालने के लिए अंतिम समय में जूनियर पोस्ट को कबूल किया था।

# चौपारण में आदिवासी समाज ने ललकी माटी में मनाया झारखंड स्थापना दिवस

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड में झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा चौपारण प्रखंड के ललकी माटी में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी राजेश कुमार महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का आयोजन कर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

मौके पर बोलते हुए जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी ने कहा कि आज झारखंड राज्य का निर्माण हुए 24 बरस होने को चले लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ वह उद्देश्य आज भी अधूरा और अपूर्ण है। आज भी झारखंड राज्य में जल जंगल और जमीन की बात की जाती है परंतु यहां के आमजन की बात नहीं की जाती। आम जनों के विकास से ही राज्य का विकास संभव है परंतु निर्माण के बाद से लेकर अब तक यहां पर आम जन ही उपेक्षा के शिकार होते रहे हैं। जिन सपनों को लेकर के इस राज्य का निर्माण हुआ था वह सपने आज भी अपूर्ण है। झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के बोकारो प्रभारी मोतीलाल बेसरा ने मौके पर बोलते हुए कहा कि जब तक झारखंड के आम जनों का विकास



नहीं होता है तब तक राज्य निर्माण का जो सपना देखा गया था वह सपना अधूरा है। आगे उन्होंने बोलते हुए कहा की विकास के नाम पर जंगलों को उजाड़ा जा रहा है जो की जंगल हम आदिवासियों के लिए प्रकृति का दिया हुआ घर है। आज विकास के नाम पर बेतहाशा जंगलों का क्षरण किया जा रहा है जिससे आदिवासी परिवारों के समक्ष कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। झारखंड राज्य भारत का रूर कहा जाता है किंतु यहां के आदिवासी और मूलवासी कितने मजबूर हैं इसका अनुमान हमारे राजनेता नहीं लगा पाते हैं। विकास के नाम पर जंगलों की बर्बादी इस राज्य की बर्बादी है इसे यहां शासन करने वाली सरकारों को समझना होगा।

इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी राजेश कुमार महतो , झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के बोकारो प्रभारी मोतीलाल बेसरा ,ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, चौपारण प्रखंड झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के प्रभारी चोलो मुंडा , चौपारण प्रखंड ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष डुलाय चन्द मुंडा, चौपारण प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रभु सहाय मुंडा समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध एवं गणमान्य उपस्थित थे।

## संस्कृति के रक्षक थे भगवान बिरसा मुंडा - मिथिलेश्वर मिश्र



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,रांची।** विश्व हिंदू परिषद, रांची महानगर द्वारा झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिरसा चौक, रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचीन राम मंदिर चुटिया में भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के नहीं बल्कि भारतवर्ष के जननायक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत अंग्रेजों से संघर्ष किया तथा बलिदान हुए। धनुष- बाण तथा जनेऊ धारण किए हुए भगवान बिरसा जनजाति समाज के धर्म एवं संस्कृति के भी रक्षक थे। उन्होंने अंग्रेज मिशनरियों के प्रभाव से समाज के बीच हो रहे धर्मांतरण का विरोध किया तथा स्वधर्म के प्रति जागरूक किया। भगवान बिरसा की पावन जयंती पर आज संपूर्ण देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है तथा भगवान बिरसा के साथ-साथ जनजाति समाज के सभी महापुरुषों ,वीर बलिदानियों को नमन कर रहा है। झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए ,धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आज उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राम मंदिर चुटिया के महंत गोकुलदास, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी, रांची विभाग मंत्री रविशंकर राय, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री विश्वरंजन, महानगर सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, महानगर मातृशक्ति प्रमुख चंदा देवी, केशव नगर मंत्री अजय बैठा, बिरसानगर संयोजक त्रिलोक सिंह ,मंजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से कोयला ले जा रहा मजदूर की सड़क दुर्घटना मे मौत

### कम्पनी से एक नौकरी एंव पांच लाख मुआवजा राशी देने के आश्वासन के पश्चात सड़क जाम हटा



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,बड़कागांव** ।बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क बरवाडीह 13 माइल के पास सड़क दुर्घटना में कोयला मजदूर मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई।घटना की खबर परिवार जनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक तौफीक अंसारी पिता इसाक मिंया उम्र 30 वर्ष रुद्दी निवासी मोटर साइकिल से कोयला लेकर ग्राम रुद्दी से 15 नवंबर की अहले सुबह 4॰30 बजे हजारीबाग की ओर बेचने के लिए जा रहे थे।

लगभग 5॰00 बजे बड़कागांव हजारीबाग 13 माइल पास एक हाईवा वाहन के चपेट में आ जाने से तौफीक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

मृतक तौफीक अंसारी का पत्नी , एक बेटा एवं दो बेटी है।मौत की खबर परिजनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया। और मुआवजा व नौकरी की मांग की जाने लगी।परिवारजनों एवं रिश्तेदारों का रो रो कर कर बुरा हाल था।इस दरमियान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। और फिर कंपनी के अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं मृतक के परिवार जनों के समक्ष वार्ता हुई।जिसमें मृतक के परिजन को एक नौकरी एवं 5 लाख मुआवजा को लेकर समझौता हुआ।और तत्पश्चात सड़क जाम हटा लिया गया।वहीं बड़कागांव पुलिस प्रशासन के द्वारा लाश को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक निर्मला देवी , थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, एस आई आशीष भगत बडकागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी , समीम मियां, संदीप कुशवाहा, मुखिया वासुदेव यादव , सोनू इराकी ,तकरीमुल्लाह खान , इलियास अंसारी , पंचायत समिति सदस्य फयूम अंसारी , विशेश्वर नाथ चौबे ,पंकज कुमार, प्रभु राम , व पुलिस सशस्त्र बल सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर मनाई गई देव दीपावली



**रांची।** शुक्रवार को हरमू के श्रीश्याम मंदिर में देव दीपावली के अवसर 21+201दीप प्रज्जवलित करके पर्व मनाया गया। दीप प्रज्जवलित करते हुए मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व मंदिर के आचार्यगण उपस्थित थे।

## मधुपर आरपीएफ ने हरलातांड़ के समीप रेलवे ट्रेक से एक घायल व्यक्ति को उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल मे कराया भर्त्ती

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, मधुपुर।** गिरीडीह रेल खंड के 2 नम्बर रेल फाटक के रेल पोल संख्या 2/13 के समीप हरलातांड़ गाँव के पास रेल ट्रेक से एक अज्ञात 46 वर्षीय व्यक्ति को घायल अवस्था मे आरपीएफ ने उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया । वह रेल ट्रेक के बीचो बीच बेहोशी की हालत मे पडा हुआ था। सूचना पर आरपीएफ एसआई धर्मेन्द्र प्रसाद, एएसआई शौकत कमाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे । उसे तत्काल108 एम्बुलेन्स के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल मधुपुर में इलाज हेतु पहुंचाया। जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसके माथे पर गंभीर चोट लगी है। बताया की घायल व्यक्ति बेहोशी की हालत मे था इस कारण उसकी पहचान नही हो पायी है । आरपीएफ ने बताया की वह रेलवे ट्रेक पार कर रहा था या किसी ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हुआ है उसके होश आने के बाद पता चल पाएगा । फिलहाल पुलिस उसके पहचान का प्रयास कर रही है।



## माहेश्वरी महिला समिति ने मनाया लक्ष्मी नारायण मंदिर में देव दीपावली



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता ,रांची।** पुराणों के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन सभी देवी देवता धरती पर आते है एवं पवित्र गंगा नदी में समागम होता है। इसलिए इस दिन को देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है। परंपरा को निभाते हुए माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने शाम में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में एकत्रित होकर 1500 दीपक से मंदिर प्रांगण को जगमगाते हुए सामूहिक आरती कर यह दीप उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष किशन साबू, जुगल मारू, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू,पवन मंत्री, विजय मारू, अशोक साबू, अनिल साबू, प्रकाश काबरा, प्रदेश महिला सचिव संगीता चितलांगिया, गोवर्धन जी भाला, बसंत की लखोटिया, महिला अध्यक्ष भारती चितलांगिया,सचिव बिमला फलोर, उपाध्यक्ष अनीता साबू, वंदना मारू, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया, मनीष मारू, किरण जी साबू,सुमन चितलांगिया, रेनू फलोर,सरोज राठी, रश्मि मालपानी, विजयश्री साबू,कुमुद जी लखोटिया, शारदा लड्डा , उषा डागा, लक्ष्मी चितलांगिया , सीमा मालपानी, ममता डागा, सरिता चितलांगिया, शिखा बिरला , पूनम राठी, रेखा कल्याणी एवं समाज के और भी सदस्य उपस्थित रहे।

## पत्थलगड़ा प्रखंड के लैंबोईया मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** प्रसिद्ध पर्यटन व तीर्थ स्थल मां भगवती (दक्षिणेश्वरी) मंदिर पत्थलगड़ा के प्रांगण में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई एवं पूजन अर्चन करते हुए पारिवारिक सुख समृद्धि की कामना की और कार्तिक मास का समापन किया। आयोजित मेले में बच्चों के खेलने वाले खिलौने से लेकर खाने पीने की खाद्य सामग्रियों सहित सब्जियों इत्यादि के स्टाल लगे हुए थें। वहीं दिनभर मेले का लुफ्त उठाने को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ते देर शाम तक दिखाई देती रही। बताते चलें की प्रसिद्ध पर्यटन व तीर्थ स्थल मां भगवती मंदिर परिसर में कई दशकों से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां बच्चों के खेलने वाले खिलौने सहित अन्य सामग्रियों की खरीद बिक्री को लेकर लोग काफी संख्या में पहुंचते हैं। बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लगी मेले का आयोजन शुक्रवार को देर शाम तक संचालन होता रहा। जैसे ही रात होते गई वैसे ही आयोजित मेले में लोगों की उपस्थिति कम होते चला गया। मौके पर सिंघानी मुखिया राधिका देवी, सेवानिवृत्त कर्मचारी हरिलाल दांगी के अलावे प्रकाश दांगी, पिंटू कुमार वर्मा, अनंत कुशवाहा समेत अन्य लोगों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन बहुत ही भव्य तरीके से संपन्न हुआ। इस मेले के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गये, जिसे देखने को लेकर प्रखंड के साथ-साथ अन्य प्रखंडों से भी लोग यहां पहुंचे और मेले का लुफ्त उठाया साथ ही कई सामग्रियों की भी खरीद बिक्री की। वहीं मेले के आयोजन के पूर्व मंदिर प्रबंधन समिति के अलावे अन्य लोगों के द्वारा पूरे मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई। तथा पूरे परिसर को रात्रि को लेकर विभिन्न लाइटों के द्वारा प्रकाश एवं पेयजल समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर उचित व्यवस्था की गई थी।



## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**इटखोरी (चतरा)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन पुनीत अवसर पर उत्तर वाहिनी पावन सलिला महाने नदी के तट पर अवस्थित ऐतिहासिक तीर्थस्थली भदुली में अवस्थित मां भद्रकाली मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पावन महाने के पावन जल से स्नान कर मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने एवं अपने परिजनों के लिए सुख समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की। श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचने का 3॰00 बजे प्रातः से ही तांता लग गया था। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालु एवं भक्तजनों से गुलजार रहा। प्रातः 3॰00 से लेकर अपराह्न 3॰00 बजे तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की खासी चहल-पहल देखी गई। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में कतारबद्ध होकर मां भद्रकाली का दर्शन एवं पूजन श्रद्धा के साथ किये। पूरा मंदिर परिसर मां भद्रकाली की जयकारे के गगन भेदी उद्घोष से गूंजायमान रहा। अपने परिजनों के साथ बच्चे भी इस अवसर पर मां भद्रकाली के पावन तीर्थस्थली पहुंचे थे। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। मंदिर परिसर अवस्थित अन्य सभी देवालयों में भक्त जनों की भीड़ देखने को मिली। भक्त जनों ने भी मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करने के उपरांत मां भद्रकाली मंदिर परिसर क्षेत्र में अवस्थित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। स्थानीय प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर क्षेत्र में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। तमाम सुरक्षा व्यवस्था के प्रति स्थानीय थाना प्रशासन थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में मंदिर परिसर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए था।



## बाल दिवस के मौके पर उड़ान क्लासेस की ओर से स्पोर्ट्स कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि,मधुपुर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के पटवाबाद में स्थित उड़ान क्लासेस की ओर से बाल दिवस के मौके पर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कई तरह के खेलों जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, स्लो साइकिल रेस, रिले रेस, म्यूजिकल चेयर, गोली चम्मच, तथा अन्य कई तरह के खेलों का आयोजन हुआ । सभी छात्र एवं छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई । कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के संचालक आफताब आलम ने जवाहरलाल नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मो0 सलाउद्दीन अंसारी, मो0 कौसर अली तथा मो0 शमी अहमद मौजूद थे । उन्होंने कहा की बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी अत्यंत आवश्यक है जिसके लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए । अतिथियों के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागीयों को पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शमी, अरबाज, मुशर्रफ, सफरेज नवाज, कामरान, अमन, रिजवाना, तानिया, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव के निमित्त विभिन्न कोषांगो के कार्यों की समीक्षा

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी निर्वाची पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, वरीय पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहयोगी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग, ईवीएम वीवीपैट, प्रशिक्षण कोषांग समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें।

निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही सभी कोषांग को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को लेकर सारी तैयारियां दुरुस्त कर लें और सभी कोषांग समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदान दलों का डिस्पैच दिनांक 19.11.2024 को तथा मतदान दिनांक 20.11.2024 को निर्धारित है। उक्त के निमित्त डिस्पैच पोल डे में प्रखण्डों में प्रतिनियुक्त किए जानेवाले ईसीआईएल के इंजिनियर एवं मास्टर ट्रेनर तथा रिसीविंग से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।




साथ ही मतदान और मतगणना के दिन बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान और मतगणना संपन्न कराई जा सकें। इसके साथ ही डिस्पैच सेंटर और मतगणना स्थल पर शेष तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर याद किए गए चाचा नेहरू, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस हर्ष, उल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार सिंह ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद विद्यालय के बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर सेक्शन में साक्षी कुमारी प्रथम संध्या कुमारी को द्वितीय एवं साक्षी प्रिया और लक्ष्मी कुमारी को तृतीय स्थान के लिए चुना गया । नेहरू जी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया गया। आजादी के बाद हिंदुस्तान के आधुनिकीकरण में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का बहुत बड़ा योगदान रहा है । इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शाहनवाज आलम एवम् पूनम सिंह ने भी संबोधित किया ।जबकि अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी सहयोग किया ।



## बालूमाथ प्रखण्ड कार्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि, लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती मनाई गई। प्रखंड कार्यालय परिसर मे स्थापित भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा पर बीडीओ सोमा उरांव के द्वारा माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि बिरसा भगवान के कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता,भगवान बिरसा मुंडा को धरती अब्बा के नाम से भी जाने जाते हैं। उधर इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक द्वारा भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को खूंटी जिला के ग्राम ओलिहातू गांव के एक किसान परिवार में हुआ था। वह हमेशा झारखंडियों की भलाई के बारे में सोचते थे उनके द्वारा हमेशा झारखंडियों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई की गई।इस मौके पर कई प्रखंड कर्मी एंम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# मुस्लिम देशों की लामबंदी के मायने

गाजा और लेबनान पर इजराइली हमलों के खिलाफ सउदी अरब की राजधानी रियाद में 50 मुस्लिम देशों के राष्ट्राध्यक्षों का जमावड़ा इस बात का संकेत है कि इजराइल के खिलाफ इस्लामिक देशों को एकजुट करने की ईरान की पहल कुछ रंग लाने लगी है। खास बात यह है कि साल भर से गाजा और अब लेबनान में इजराइली सैनिक कार्रवाई को लेकर सऊदी अरब ने पहली बार खुलकर आलोचना की है। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन ने गाजा व लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की। यही नहीं आम तौर पर इजराइल के प्रति नरम रवैया रखने वाले प्रिंस ने इजराइली हमले को 'जनसंहार' क़रार दिया और स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना की मांग की। क्राउन प्रिंस सलमान ने फ़िलस्तीन को एक स्वतंत्र देश का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि हमने दो राष्ट्रों के सिद्धांत को समर्थन देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन के ख़िलाफ़ निरंतर अपराध, अल-अक्सा मस्जिद की पवित्रता के उल्लंघन और सभी फिलिस्तीनी इलाक़ों में फिलिस्तीनी अथॉरिटी की अहम भूमिका को ख़त्म करने की इजराइल की कार्रवाई फिलिस्तीनियों के सभी वैध अधिकार पाने की कोशिशों को कमज़ोर कर देगी। मोहम्मद बिन सलमान ने गाज़ा में फ़िलिस्तीनियों के लिए काम करने वाली यूएन की एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स रिलीफ़ एंड वर्क्स फ़ॉर फ़िलिस्तीन यानी यूएनआरडब्लूए पर प्रतिबंध लगाने की भी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब ईरान पर इजराइल के किसी भी हमले की कोशिश को ख़ारिज करता है। इस सम्मेलन में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप्प अर्दोआन ने भी भाग लिया। माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के ठीक बाद आयोजित ये सम्मेलन गाज़ा और लेबनान में इजराइल की कार्रवाई रोकने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। इसमें ट्रंप की अहम भूमिका हो सकती है। समझा जा रहा है कि जनवरी में सत्ता संभालने के बाद ट्रंप इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम के लिए दबाव बन सकते हैं। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले देशों ने इजराइल-ग़ाज़ा समस्या को ख़त्म करने के एक 33 सूत्री हल पेश किया है, जिसमें फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन ज़ाहिर किया गया। साथ ही लेबनान, ईरानी, इराक़ और सीरिया की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की गई। इसमें इजराइल-ग़ाज़ा संघर्ष को ख़त्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संयुक्त राष्ट्र के समाधानों और अंतरग्रीय कोर्ट के फ़ैसलों को लागू करवाने की अपील की गई है। एक बात साफ है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जहां ईरान सहमा हुआ है, वहीं इजराइल को पलटवार करने से रोकने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। ऐसे में अपने परंपरागत दुश्मन अरब देशों से हाथ मिलाने में भी उसे परहेज नहीं है। यहां सवाल यह है कि मध्य पूर्व के मामले में ट्रंप क्या रणनीति अपनाएंगे? वो इजराइल को ईरान पर वार करने की खुली छूट देंगे या फिर उसे युद्ध विराम के लिए मजबूर करेंगे? मुस्लिम देशों की अपेक्षा यही है कि ट्रंप इजराइल को हर हाल में रोकें। ट्रंप अरब देशों की कितनी सुनेंगे, कोई नहीं कह सकता। इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थता की अभी तक की कोशिशें बेकार ही गई हैं। क्योंकि 53 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत के बाद भी हमास न तो बंधकों को छोड़ने पर राजी है और न ही इजराइल उसके संपूर्ण खात्मे के संकल्प से पीछे हटा है। उल्टे वो कई मोर्चों पर ईरान के प्रॉक्सी से लोहा ले रहा है।

# प्राथमिक शिक्षा में गिजुभाई बधेका के प्रयोग एवं परिणाम

**गिजुभाई शैक्षिक विचारक के रूप में मुझे सर्वाधिक प्रिय हैं क्योंकि वह शिक्षा की जमीनी वास्तविकता से न केवल परिचित हैं अपितु उसे बेहतर करने के सरल सर्वमान्य तौर-तरीके भी प्रस्तुत करते हैं। बदलाव का खुशियों भरा रास्ता दिखाते हैं। उनके विचार कागजी नहीं हैं बल्कि प्रयोग एवं अनुभव की भट्टी में तपकर निकले हैं। जीवन संघर्ष की आंच से उत्पन्न ऊष्मा से ऊर्जावान हैं। वह शैक्षिक मुद्दों पर अपनी बात कहने के लिए शब्दों का चमत्कारिक वैचारिक वितान नहीं तानते बल्कि स्वयं करके एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि वह मानते हैं कि बच्चे बड़ों को कार्य करता हुआ देखकर और स्वयं करके सीखते हैं। वास्तव में गिजुभाई उस शिक्षा साधक का नाम है जो शिक्षा में प्रचलित दकियानूसी परम्पराओं, जड़ता, सीख-उपदेशपरक रटन्त शिक्षा प्रणाली एवं संवेदनहीन नीरस उबाऊ विद्यालयीय माहौलसे जूझता है।**

**रजनीश यादव**

दृश्य एक, शिक्षा अधिकारी का कार्यालय। 'अच्छा, यदि तुम्हारा आग्रह ही है तो खुशी से एक साल तक अनुभव करो। प्राथमिक पाठशाला की चौथी कक्षा मैं तुम्हें सौंपता हूं। यह उसका पाठ्यक्रम है। ये उसमें चलने वाली कुछ पाठ्य-पुस्तकें हैं, ये शिक्षा विभाग के छुट्टी आदि के कुछ नियम हैं।....देखो, जैसे चाहो वैसे प्रयोग करने की स्वतंत्रता तो तुम्हें है ही, इसके लिए तो तुम आए ही हो। लेकिन यह भी ध्यान में रखना कि बारहवें महीने में परीक्षा सामने आ खड़ी होगी और तुम्हारा काम परीक्षा के परिणामों से मापा जाएगा। दृश्य दो, विद्यालय परिसर में परस्पर बातचीत करते शिक्षक गण। 'सच कहता हूं, मुझे तो आप एक अजीब आदमी मालूम पड़ते हैं। मैं मानता हूं कि आपका प्रयोग सफल हुआ है। हमें विश्वास नहीं होता था कि प्राथमिक शाला की पढ़ाई में भी कुछ सुंदर परिवर्तन किये जा सकते हैं।' दृश्य तीन, विद्यालय का वार्षिक सम्मेलन।

'सज्जनो! मैं नहीं जानता कि आज अपने आनंद को किस प्रकार व्यक्त करूं? आप इनकी कक्षा के इन विद्यार्थियों को देखिए। ये कितने व्यवस्थित, स्वस्थ और आनंदपूर्वक हैं। इनकी शक्ति और बुद्धि के विकास का मैं साक्षी हूं। इनके सम्बंध में बच्चों के माता-पिता को भी अपना संतोष व्यक्त करते हुए मैंने बार-बार सुना है।'

उक्त तीन कथन तीन अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग समय और स्थितियों में प्राथमिक शिक्षा में नवल प्रयोग करने को उत्सुक-संकल्पित एक प्रयोगधर्मी व्यक्तित्व के लिए कहे गए हैं जो प्राथमिक शिक्षा को आनंदमय बनाने का पक्षधर है। पहला कथन एक शिक्षा अधिकारी का है जो उस व्यक्ति को आवश्यक निर्देश देते हुए शैक्षिक प्रयोग करने की अनुमति देते हैं। दूसरा कथन व्यक्ति के सहकर्मी शिक्षकों के आपसी वार्तालाप का है और तीसरा कथन शिक्षा विभाग के डायरेक्टर साहब का है जो उस व्यक्ति के विद्यालय में आयोजित बच्चों के वार्षिक सम्मेलन में उनके शैक्षिक प्रयोगों की सफलता की सराहना करते हुए उपस्थित अभिभावकों के सम्मुख कहा गया है। पाठक मन ही मन सोच रहे होंगे कि मैने लेख के आरंभ में ही ये तीन कथन क्यों रखे और यह जिज्ञासा भी पनपी होगी कि वह प्रयोगधर्मी व्यक्तित्व कौन है जो प्राथमिक शिक्षा की बेहतरी के लिए आनंददायी नवाचारी प्रयोग करने को उत्सुक-आतुर एवं कटिबद्ध है। चलिए मिलाता हूं, वह महनीय व्यक्तित्व है गिरिजाशंकर भगवानदास बधेका, जिसे विश्व गिजुभाई बधेका के नाम से जानता है। शिक्षाविदों की पंक्ति में गिजुभाई ध्रुवतारे की भांति दैदीप्यमान हैं। गिजुभाई शैक्षिक विचारक के रूप में मुझे सर्वाधिक प्रिय हैं क्योंकि वह शिक्षा की जमीनी वास्तविकता से न केवल परिचित हैं अपितु उसे बेहतर करने के सरल सर्वमान्य तौर-तरीके भी प्रस्तुत करते हैं। बदलाव का खुशियों भरा रास्ता दिखाते हैं। उनके विचार कागजी नहीं हैं बल्कि




प्रयोग एवं अनुभव की भट्टी में तपकर निकले हैं। जीवन संघर्ष की आंच से उत्पन्न ऊष्मा से ऊर्जावान हैं। वह शैक्षिक मुद्दों पर अपनी बात कहने के लिए शब्दों का चमत्कारिक वैचारिक वितान नहीं तानते बल्कि स्वयं करके एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि वह मानते हैं कि बच्चे बड़ों को कार्य करता हुआ देखकर और स्वयं करके सीखते हैं। वास्तव में गिजुभाई उस शिक्षा साधक का नाम है जो शिक्षा में प्रचलित दकियानूसी परम्पराओं, जड़ता, सीख-उपदेशपरक रटन्त शिक्षा प्रणाली एवं संवेदनहीन नीरस उबाऊ विद्यालयीय माहौलसे जूझता है। अपने बाल हितैषी जमीनी प्रयोगों से उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को एक नवीन दिशा देकर बालकेंद्रित, संवेदनशील एवं चेतनापरक बनाने का प्रयत्न किया है। अपने शैक्षिक अनुभवों को 'लक्ष्मीशंकर' नामक काल्पनिक शिक्षक पात्र के द्वारा पुस्तक 'दिवास्वप्न' में अंकित किया है। लेख के आरंभ के तीन कथन 'दिवास्वप्न' से ही लिए गए हैं। आइए! गिजुभाई बधेका के बारे में जानते हैं।

गिजुभाई बधेका का जन्म 15 नवंबर, 1885 को चित्तल सौराष्ट्र (अब गुजरात) में हुआ था। मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करके आपको धनार्जन हेतु काम करना पड़ा। इस हेतु अफ्रीका का भी प्रवास किया। भारत लौटकर कुछ समय वकालत का काम भी किया। इसी दौरान अपने बच्चे के लिए एक ऐसे स्कूल की खोज शुरू की जहां बच्चा आनंदमय परिवेश में निर्भय एवं बाधामुक्त हो ज्ञानार्जन कर सके। पर मनपसंद स्कूल न मिल पाने से निराश हुए और तत्कालीन प्रचलित शिक्षण पद्धतियों का अध्ययन कर उच्च न्यायालय के वकील गिजुभाई ने वर्ष 1916 में भावनगर के दक्षिणामूर्ति बाल मंदिर में अपने शिक्षा संबंधी प्रयोग आरंभ किए थे। 'बालदेवो भव' उनका मंत्र था। वह विद्यालय का परिवेश बालमैत्रीपूर्ण, संवेदनशील और बच्चों के लिए आनंद में सीखने की जगह के रूप में बनाने के हिमायती थे। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा में भाषा, गणित, इतिहास एवं भूगोल आदि विषयों को पाठ्यक्रम एवं पाठ्य-पुस्तकों में दर्ज सूचनाओं के रूप से मुक्त कर प्रयोग के आंगन की रुचिपूर्ण विषय वस्तु बना दिया। वह पाठ्य प्रश्नोत्तरों को रटने की बजाय परिवेश में उपलब्ध संसाधनों के उचित प्रयोग, अवलोकन, तर्क, तुलना, अनुमान, परस्पर सम्बंध खोजने, समझने और स्वयं की भावाभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते हैं। वह गीत, कविता, कहानी, संगीत, नाटक, नृत्य, खेल, स्थानीय भ्रमण आदि तरीकों को शिक्षण में प्रयोग करते हैं। इन प्रयोगों के परिणाम विश्वास जगाते हैं और बच्चों के सीखने-समझने की यात्रा सुखद एवं आनंददायी बनाते हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा- 2005, शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 एवं नई शिक्षा नीति-2020 में गिजुभाई के शैक्षिक प्रयोग एवं विद्यालयों के परिवेश को आनंदमय बनाने की पैरवी का प्रभाव स्पष्ट दृष्टव्य है। पुस्तकालय, वाचनालय और विद्यालय एवं विद्यार्थियों की स्वच्छता को वह वरीयता देते दिखते हैं। वह बच्चों की पिटाई या सजा पर सख्त विरोध व्यक्त करते हैं। वह बच्चों को उनके कक्षा-कक्ष की साज-सज्जा की जिम्मेदारी देकर उन्हें दायित्व बोध कराते हैं। 23 जून, 1939 को उनका निधन हुआ।

यह देश का दुर्भाग्य है कि गिजुभाई बधेका जैसे शिक्षाविद् को वह महत्व, सम्मान और पहचान नहीं मिल सकी और उनके शैक्षिक प्रयोगों को आगे नहीं बढ़ाया गया जिसके वह सर्वथा हकदार थे। गिजुभाई बधेका शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी काम करने वाला वह शिक्षा साधक हैं जो अपने समय से एक सदी आगे का दृश्य देख रहे थे। विभिन्न बाधाओं से टकराते और चुनौतियों से जूझते एक ऐसे आनंदमय विद्यालयीय परिवेश को साकार करने का स्वप्न संजोया, जहां बच्चे निर्भय होकर अपने ज्ञान की सर्जना कर सकें। जहां सूचनाओं के रटने के दबाव से मुक्त हो बच्चे अपने अनुभवों को परस्पर साझा कर नित नवल ज्ञान की साधना-आराधना कर सकें। जहां बच्चों को अभिव्यक्ति के स्वतंत्र मुखर अवसर हों। जहां वे प्रकृति एवं प्राणी से रिश्ता जोड़ सकें। जहां सामूहिकता, सहकार एवं समन्वय का भाव ग्रहण कर सकें। बच्चे सहृदय, संवेदनशील, जिम्मेदार एवं प्रकृतिप्रेमी बनें, ऐसा गिजुभाई चाहते थे। एक शिक्षक एवं अभिभावक के रूप में हम बच्चों के 'दिवास्वप्न' की दिशा में सतत बढ़ने में सहायक बनें, यही गिजुभाई बधेका के प्रति हमारी श्रद्धांजलि होगी।

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर

**विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहाँ, चीज़ों को अलग नज़रिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ़ नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी माँ के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ़ साधन नहीं, सुरों की साधना का ज़रिया है।कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज़ एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ़ हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं – उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुज़रते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी!**


जया वर्मा सिन्हा

इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर। संख्या इतनी ज़्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पाँव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ़ रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट ख़रीदने, जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यस्तता करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुँचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है।

अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उँगलियाँ दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुनकर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हज़ार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये - यहाँ के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हज़ार यात्रियों का आवागमन होता है - चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हज़ार से ज़्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएँ ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अन्दाज़ लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ। इस अवधि में सिर्फ़ इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया।

विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवम्बर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज़्यादा लोगों ने तो महज़ कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की!

भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुजुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं।

भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

**(जया वर्मा सिन्हा भारतीय रेल की पहली महिला चेयरमैन एवं सीईओ हैं)**

# संघर्षों से उपजा झारखंडः एक और उलगुलान की है जरूरत

**भारत में अंग्रेजी हुकूमत था तभी झारखंड अलग राज का प्रस्ताव ब्रिटिश हुकूमत के समक्ष रखा गया था। अलग राज्य के लिए तब भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कई विद्रोह हुए। मसलन चुआड़ विद्रोह हो विद्रोह कॉल विद्रोह, संथाल विद्रोह, बिरसा मुंडा का उलगुलान आदि कई विद्रोह हुए। यही कारण है कि अंग्रेजी हुकूमत ने 1908 में सीएनटी एक्ट बनाया, ताकि आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रह सके। इस दौरान संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम भी बना।**

**चंद्रनाथ भाई पटेल**

झारखंड अलग राज्य संघर्ष की गाथा बहुत ही लंबी रही है, वजह झारखंड का अस्तित्व जो प्राचीन काल से माना जाता रहा है। कहा जाता है कि जब हमारा देश का नाम आर्यावर्त और जम्बू दीप था, उसे समय भी झारखंड अस्तित्व में था। उस दौर में चैतन्य महाप्रभु जब इधर से बंगाल गुजर रहे थे तो उन्होंने अपने यात्रा के दौरान झारखंड का जिक्र किया था। गिरिडीह जिला में प्राचीन काल से ही झारखंडी धाम भी है। झारखंड के नाम से कोलियरी आज भी रामगढ़ जिला में अवस्थित है। आह पात्रे पयापनम साल पत्र च भोजन म खजूरी पाते शयनम झारखंडे विधिः यते।

जब भारत में अंग्रेजी हुकूमत था तभी झारखंड अलग राज का प्रस्ताव ब्रिटिश हुकूमत के समक्ष रखा गया था। अलग राज्य के लिए तब भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कई विद्रोह हुए। मसलन चुआड़ विद्रोह हो विद्रोह कॉल विद्रोह, संथाल विद्रोह, बिरसा मुंडा का उलगुलान आदि कई विद्रोह हुए। यही कारण है कि अंग्रेजी हुकूमत ने 1908 में सीएनटी एक्ट बनाया, ताकि आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रह सके। इस दौरान संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम भी बना।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के अंदर जो प्रेसीडेंसी था, उसे कई राज्यों में भाषा संस्कृति भौगोलिक व ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के आधार पर राज्यों के निर्माण के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग का निर्माण किया गया, लेकिन झारखंड को प्रांत नहीं बनाया गया। फिर अलग राज्य का आंदोलन शुरू हुआ। कई झारखंड नामधारी पार्टियां बनी। इतना सारा साक्ष्य रहते हुए भी झारखंड नहीं बन पा रहा था। आंदोलन उग्र हुआ, इस क्रम में कितने कार्यकर्त्ता संघर्ष में वीरगति को प्राप्त हुए। कितने बच्चे अनाथ हो गए, कितने औरतें बेवा हो गई थी। मुक्ति की इस लड़ाई में दुनिया के किसी देश में इतना लंबा संघर्ष नहीं चला होगा, जितनी झारखंड अलग राज्य के लिए चला। कभी झारखंड बंद, कभी आर्थिक नाकेबंदी कितनी रैली यह जुलूस, धरना- प्रदर्शन। कभी डुगडुगी बजा, कभी मध्य रात्रि में नगाड़ा बजाया गया। झारखंड के हजारीबाग जिले का विष्णुगढ क्षेत्र जो झारखंड आंदोलन का केंद्रबिंदु था, उसका अद्भुत संघर्ष की कहानी है। इस इलाके



में पुलिस दमन, सूदखोर, महाजन, सामंत का अत्याचार चरम पर था। वैसे समय में झारखंड आंदोलन का सूत्रपात इस क्षेत्र में विनोद बिहारी महतो, टेकलाल महतो, शिव महतो, जुगल किशोर महतो, रघुनाथ तिवारी, जीवाधन महतो, पौलूस पूर्ति के नेतृत्व में शुरू हुआ था। सन 1976 में बनासो में कोनार नहर सिंचाई परियोजना का काम शुरुआत हुआ, जिसका नींव बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डॉक्टर जगन्नाथ कौशल ने रखा था। नहर का काम युद्ध स्तर पर चल रहा था। इधर झारखंड अलग राज्य की लड़ाई भी गति पकड़ रही थी। 04 फरवरी 1989 को तेनुघाट अनुमंडल मंडल कोर्ट के बगल में झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस मनाया जा रहा था, ठीक रात के 12.00 बजे होंगे हजारों लोगों के भीड़ को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक विनोद बिहारी महतो ने घोषणा की, सरकार 4 अप्रैल 1989 तक अलग झारखंड राज्य की घोषणा नहीं करती है तो हम लोग झारखंड नहीं तो नहर नहीं और नहर भरो आंदोलन शुरू करेंगें और जो नहर की खुदाई की जा रही है उसे भर दिया जाएगा। 4 अप्रैल 1989 को स्थापना दिवस के अवसर पर कर्जन ग्राउंड के मैदान हजारीबाग में लोगों को आह्वान किया गया कि 18/489को कोनार नहर भरो अभियान शुरू किया जाएगा। फिर क्या था 18/4/89 को 8.00 बजे सुबह से ही डुगडुगी बजाना शुरू हो गया। घोषणा अब बनासो नहर भरा जाएगा और देखते-देखते बुध बाजार टाड़ में चानो नागी बंदखारो उचाघाना मंगरो, खरकी, नरकी जोर चिहुंटिया, सारूकुदर, जमनीजारा, जोबार, उच्चाघाना, भलुआ, बकासपुर, रखवासदा, भरमोरिया, कशुंभा गोविंदपुर, अलकारी, उरगी, भेलवारा, खरना, बरियागड़ा, बुकना चौथा, बोदरा, विष्णुगढ, बनासो से हजारों हजार की तादाद में तीर- धनुष, भाला, गंडासा, कुदाल, गइंता, कोड़ी, बेलचा आदि हर्वे- हथियार से लैस होकर लोगों ने जुटना शुरू किया और फिर विनोद बिहारी महतो, शिव महतो, टेकलाल महतो तीनों विधायक के नेतृत्व में 8आरडी 2/की और कूच कर गए। जहां भंडारी बिल्डर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नहर खुदाई में लगे लोडर, डोजर, कटर, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर आदि जो भी सामान जहां जिसको मिला जलाकर राख कर दिया गया। वहीं 180 फीट गहरी नहर को आधा से अधिक भर दिया गया। पुलिस प्रशासन तमाशबीन बनी रही। इसे लेकर बिहार सरकार सिंचाई विभाग व भंडारी बिल्डर कंपनी के अधिकारियों ने विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 33/89 दर्ज कराया गया, धारा 147 ,148 1,49, 109 ,114, 307 ,427, 435 ,436 , 379 ,430 ,431, 336, 337 भादवि के तहत शिव महतो विधायक, विनोद बिहारी महतो विधायक, टेकलाल महतो विधायक, चंद्रनाथ भाई पटेल, रामेश्वर राय, चमन प्रजापति, भवानी महतो, रामलखन चौधरी, तुलसी महतो, बैजनाथ कसेरा, सुखदेव महतो, राज किशोर पांडेय, गुरु साहू सहित 1000 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था।

इनमें से आज सिर्फ चार जीवित बचे हुए हैं। अलग राज्य की इस लड़ाई पर वीराम अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने चुनावी वायदे के अनुसार 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य घोषित कर हमेशा के लिए लगा दिया। लेकिन जो शोषण मुक्त झारखंड का परिकल्पना किया गया था, वह आज भी अधूरा है झारखंड आंदोलनकारी छला महसूस कर रहे हैं, क्योंकि झारखंडी कॉम आज तक चिन्हित नहीं हो सके हैं, फिर से एक में उलगुलान की जरूरत है। (लेखक झारखंड आंदोलनकारी)।



# कफ बढ़ने से होते हैं 28 रोग इन चीजों से बचें

**वात और पित्त के साथ शरीर में कफ का संतुलन सही होना जरूरी है। कफ के बढ़ने पर 28 प्रकार के रोग आपको घेर सकते हैं। लेकिन इनसे बचने के लिए आपको ऐसी चीजों से बचना होगा, जो कफ पैदा करती हैं या कफ को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं कौन सी चीजें कफ में न खाएं और किन चीजों का सेवन करें -**

### वसायुक्त चीजें

वसायुक्त चीजों का सेवन कफ बढ़ाने का काम करती हैं इसलिए जितना हो सके इनसे बचने की कोशिश करें।

### दूध

दूध कफ को बढ़ाता है। अगर आपकी कफ प्रकृति है तो आपको दूध का सेवन कम करना चाहिए या फिर हल्दी के साथ इसका सेवन करें।

### मांस

कफ बढ़ने पर मांस का सेवन आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए कफ होने पर मांस का सेवन करने से बचें और अगर कफ की तासीर हो तो मांस का सेवन कम से कम करें।

### मक्खन

मक्खन में वसा अधिक होता है, इसलिए यह कफ बढ़ाने का काम करता है। कफ की समस्या में मक्खन या मक्खन युक्त चीजों का सेवन न करें।

### पनीर

पनीर से कफ तो बनता ही है, कई लोगों को पाचन संबंधी समस्या भी हो सकती है क्योंकि कुछ लोगों को पनीर आसानी से नहीं पचता। इसलिए अतिसेवन न करें।

### क्या खाएं

- सुबह या दिन के भोजन के बाद गुड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है। गुड़ की तासीर गर्म होती है, यह कफ को कम करने के साथ ही पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।
- तुलसी, सौंठ, अदरक और शहद जैसी चीजों का सेवन कफ को कम करने में बहुत फायदेमंद होता है, तो इन्हें किसी भी तरह से डाइट में शामिल करें।





# दिमाग को स्वस्थ और मजबूत बनाना बहुत जरूरी

**दिमाग बढ़ाने वाली सब्जियों से भरपूर डाइट लेने के अलावा शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, तनाव कम लेना, हाइड्रेटेड रहना और पर्याप्त नींद लेकर भी दिमाग के कामकाज में सुधार किया जा सकता है और सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।**

दिमाग शरीर का एक मुख्य अंग है जिसका काम सोचना-समझना, याद रखना, नया सीखना आदि है। अन्य अंगों की तरह दिमाग को भी बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए कुछ पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। अगर आपको सोचने-समझने की क्षमता कम है, आपकी याददाश्त कमजोर है, या आप हमेशा विचलित रहते हैं, तो इसके सीधा सा मतलब है कि आपके दिमाग में कुछ लोचा है, जिसे ठीक करना जरूरी है। याद रहे कि तेजी से दौड़ती दुनिया में दिमाग को स्वस्थ और मजबूत बनाना बहुत जरूरी है। इत्तेफाक से रोजाना खाई जाने वाली कुछ सब्जियों में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो दिमाग को तेज करते हैं और याददाश्त को भी बढ़ाते हैं।

### पत्तेदार सब्जियां

हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार पालक, केल और स्विस चार्ड जैसी पत्तेदार सब्जियां विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती हैं, जिनमें विटामिन के, विटामिन बी 6 और फोलेट शामिल हैं। ये पोषक तत्व मस्तिष्क के स्वास्थ्य और सोचने-समझने के लिए जरूरी हैं। इनमें ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन, एंटीऑक्सिडेंट भी होते हैं जो मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन से बचाते हैं।

### ब्रोकोली

ब्रोकोली एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर है जो मस्तिष्क को बेहतर बनाती है। यह कोलीन का एक अच्छा स्रोत है, एक पोषक तत्व जो मेमोरी बढ़ाने और सीखने की क्षमता में सुधार करता है। इसके अतिरिक्त, ब्रोकोली में सल्फोराफेन नामक एक यौगिक होता है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो मस्तिष्क को क्षति से बचा सकते हैं।

### चुकंदर

चुकंदर नाइट्रेट से भरपूर होते हैं, जो मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने और संज्ञानात्मक कार्य में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। इनमें एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक भी होते हैं जो दिमाग को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन से बचा सकते हैं।

### गाजर

गाजर बीटा-कैरोटीन का एक अच्छा स्रोत है, एक एंटीऑक्सीडेंट जो शरीर में विटामिन ए में बदल जाता जाता है। विटामिन ए मस्तिष्क के कार्य से निकटता से जुड़ा हुआ है। गाजर में अन्य एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं जो ब्रेन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचा सकते हैं।

### बेल मिर्च

बेल मिर्च विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है, एक एंटीऑक्सीडेंट जो मस्तिष्क स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक कार्य का समर्थन करता है। इनमें विटामिन बी6 और फोलेट जैसे अन्य पोषक तत्व भी होते हैं, जो मस्तिष्क के कार्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### कद्दू

कद्दू बीटा-कैरोटीन और अन्य एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है जो मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन से बचा सकता है। यह मैग्नीशियम का भी एक अच्छा स्रोत है, एक मिनरल है, जो दिमाग के कामकाज को बढ़ाने के लिए जरूरी है।

### टमाटर

टमाटर लाइकोपीन से भरपूर होते हैं, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन से बचा सकता है। लाइकोपीन को अल्जाइमर रोग जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के कम जोखिम से भी जोड़ा गया है।

### बैंगन

बैंगन में नासुनिन नामक एक यौगिक होता है, एक एंटीऑक्सीडेंट जो मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन से बचा सकता है। नासुनिन को स्वस्थ मस्तिष्क समारोह और संज्ञानात्मक प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए भी दिखाया गया है।



# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी। चलिए जानते हैं इस चाय को बनाने के लिए जरूरी सामग्री और चाय बनाने की सही विधि**

### सामग्री

तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

### विधि

सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है। दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** - आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** - नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** - कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** - कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** - साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** - कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** - एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** - एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।



# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ज्यादा बादाम खाना

**बादाम खाने की सलाह उन लोगों को दी जाती है जो हर छोटी-छोटी बातों को भूल जाते हैं। शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए शोधों में भी यह बात साबित हो चुकी है कि बादाम खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।**

बादाम प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और गुड फैट जैसे कई पोषक तत्वों से भरा होता है। बादाम शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है। इसलिए सर्दियों के मौसम में चिकित्सा विशेषज्ञ लोगों को बादाम खाने को कहते हैं। बादाम खाने की सलाह हर कोई देता है लेकिन यह कितनी मात्रा में खानी चाहिए यह अच्छी तरह से कोई नहीं बता पता है। अधिक मात्रा में बादाम खाने के शारीरिक दुष्प्रभाव भी हैं। बादाम के ज्यादा सेवन से एक तरफ जहाँ वजन बढने का खतरा होता है, वहीं दूसरी तरफ इससे आंखों की रोशनी भी प्रभावित होती है। बादाम की तासीर गर्म होती है, इसके चलते लोगों का यह विचार होता है कि जितनी ज्यादा मात्रा में बादाम खायी जाए उतना ही शरीर को ज्यादा फायदा होगा। यह सोच सही नहीं है।

### हमेशा भीगे हुए बादाम खाने चाहिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बादाम को भिगाते ही उसमें पाए जाने वाले प्रोटीन का स्तर बढ़ जाता है। बादाम को रात भर भिगोकर खाना चाहिए, इससे उसमें मौजूद गर्म तत्व काफी हद तक खत्म हो जाते हैं। साथ ही, भिगोए बादाम में पोषक तत्व भी सूखे बादाम की तुलना में ज्यादा होते हैं। बादाम को भिगोकर खाने से इसमें मौजूद फाइबर को पचाना आसान हो जाता है।

ज्यादा मात्रा में बादाम का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए हर दिन सिर्फ 10 से 15 बादाम ही खाने चाहिए। भीगे हुए बादाम कच्चे या भुने हुए बादाम से ज्यादा कारगर होते हैं। इसलिए प्रयास करके हमेशा बादाम भीगे हुए ही खाने चाहिए।

### मोटापा बढना

बादाम में मौजूद फैट और कैलरी की शरीर में अधिकता होने से मोटापा बढ़ता है। आज की युवा पीढ़ी और बच्चे ज्यादातर फिजिकल एक्टिविटीज से दूर रहते हैं, इससे शरीर की कैलरीज आसानी से बर्न नहीं होती और शरीर में फैट जमा होने लगता है। ऐसे में ज्यादा बादाम खाना नुकसानदेह तो होगा ही, साथ ही इससे आपका वजन भी बढ़ेगा।

### हो सकती हैं गंभीर समस्याएँ

बादाम का अधिक मात्रा में सेवन करने से कब्ज, पेट फूलना और लूज मोशन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, बादाम में मिलने वाले एक प्रोटीन से मुंह, गले और कंठ में खुजली होने के साथ ही जीभ, मुंह और होंठ में सूजन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। वहीं, ज्यादा बादाम खाने से शरीर में मैग्नीज की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे ब्लड प्रेशर और एंटीबायोटिक्स की दवाइयों का असर भी कम होता है।



## हर दिन पत्नी की तारीफ...

# शादी की 6वीं सालगिरह पर दीपिका के नाम रणवीर का खास संदेश

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की शादी को 6 साल पूरे हो गए हैं। इस खास दिन पर अभिनेता ने अभिनेत्री पत्नी के नाम खास संदेश लिखा है।

बॉलीवुड के चहेते कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की। जोड़े ने दो दिवसीय विवाह समारोह में शादी रचाई। इसमें पहले दिन कोंकणी परंपराओं का पालन किया गया और दूसरे दिन उत्तर भारतीय परंपराओं के तहत वैवाहिक कार्यक्रम पूरे हुए। दीपवीर की शादी को आज यानी 14 नवंबर, 2024 को 6 साल पूरे हो गए हैं। इस विशेष अवसर पर, रणवीर ने पत्नी के नाम एक खास पोस्ट साझा की है।

### रणवीर ने खास अंदाज में मनाई सालगिरह

कुछ समय पहले, रणवीर सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी 6वीं शादी की सालगिरह मनाने के लिए पत्नी दीपिका पादुकोण की कई तस्वीरें साझा कीं। इस पोस्ट में दीपिका पादुकोण के अलग-अलग मूड की झलक देखने को मिली है। साथ ही एक खास फोटो में अभिनेत्री को अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते देखा जा सकता है।

### पत्नी दीपिका के नाम लिखा खास नोट

पत्नी दीपिका पादुकोण की खूबसूरत तस्वीरों को साझा करते हुए रणवीर सिंह ने एक खास नोट भी लिखा है। रणवीर ने पोस्ट को कैप्शन दिया, हर दिन पत्नी की प्रशंसा का दिन है, लेकिन आज मुख्य दिन है। शादी की सालगिरह मुबारक हो दीपिका पादुकोण। आई लव यू। दूसरी ओर, दीपिका ने पति को शादी की सालगिरह पर बधाई देने के लिए एक रील अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की।

### दीपवीर ने सितंबर में किया बच्ची का स्वागत

जोड़े ने इसी साल 8 सितंबर को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दीपिका-रणवीर एक बच्ची के पैरेंट्स बने हैं, जिनका नाम दुआ पादुकोण सिंह है। इस जोड़े ने दिवाली के मौके पर अपनी नन्ही बच्ची की एक झलक साझा की और उनके नाम का खुलासा किया।



# आमिर खान के सामने जमकर रोईं थीं रानी मुखर्जी, दोस्त करण जौहर थे वजह

फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री रानी मुखर्जी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 'कुछ कुछ होता है' अभिनेत्री ने बताया कि आमिर खान के सामने वह करण जौहर की वजह से खूब रोई थीं। करण जौहर के लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें होस्ट करण जौहर गेस्ट रानी मुखर्जी और करीना कपूर खान के साथ बात करते दिखाई दे रहे हैं। इस बीच मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे अभिनेत्री रानी ने बताया कि करण जौहर से वह कल हो ना हो को लेकर काफी नाराज थीं। रानी मुखर्जी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो जब मुझे पहली बार फिल्म कल हो ना हो के बारे में दूसरों से पता चला तो मैं बहुत दुखी हुई। मैं आपके बहुत करीब हूं। आप कोई भी फिल्म बनाते हैं तो मुझसे उसकी कहानी और अन्य बातों को शेयर करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, आप कोई भी फिल्म बनाएं, मुझे उस फिल्म में लें या न लें मगर आप हमेशा मेरे साथ अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा करते आए हैं। मैं आपके साथ दोस्ती के उस स्तर पर हूं, जहां आप सहज रह सकते हैं मगर आपने अनदेखा किया, जिस वजह से मैं दुखी हुई थी। 'कुछ कुछ होता है' अभिनेत्री ने आगे कहा, मैंने किसी और से यह सुना तो मुझे लगा कि करण आकर मुझे क्यों नहीं ले गया? उसने मुझसे बात क्यों नहीं की, तुम जानते हो मेरा और तुम्हारा कैसा रिश्ता है। मुझे याद है कि मैं इस बात को लेकर आमिर खान के सामने जाकर रोई थी। 'कल हो ना हो' में शाहरुख खान, सैफ अली खान के साथ मुख्य भूमिका में प्रीति जिंटा थीं। कल हो ना हो में जया बच्चन, सुषमा सेठ, रीमा लागू, लिलेट दुबे और डेलनाज ईरानी समेत अन्य सितारे अहम भूमिका में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और इसे दर्शकों का काफी प्यार मिला।

# कोरियाई सिनेमा की फैन निकलीं दिशा पाटनी

**बॉलीवुड** और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने के बाद अब दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम कंगुवा है, जिसमें सूर्या मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक बातचीत में दिशा ने जापानी एनीमे और कोरियाई संस्कृति के प्रति अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त कीं। सोशल मीडिया पर दिखता है कोरियाई प्रेम



सोशल मीडिया पर दिशा को फॉलो करने वालों को यह बात अच्छी तरह से पता है कि उन्हें एनीमे (फिल्म और टेलीविजन एनीमेशन की जापानी शैली) कितना पसंद है। उन्हें अक्सर वीकएंड पर एनीमे देखते हुए और कोरियाई पॉप बैंड ईएक्सओ के काई के गानों पर वर्कआउट करते हुए देखा जाता है।

### एनीमे को लेकर कही यह बात

दिशा को एनीमे की भावनात्मकता काफी आकर्षित करती है, लेकिन उनका मानना है कि दक्षिण कोरिया से आने वाले कंटेंट बॉलीवुड से बहुत प्रेरित होता है। उन्होंने कहा, मैं बचपन में एनीमे और ड्रैगनबॉल्ज जैसी चीजें देखते हुए बड़ी हुई हूं। एनीमे मुझे रोमांचित करता है। हालांकि, अधिकांश एनीमे में भावनात्मक जुड़ाव अवास्तविक सा लगता है।

### पसंद है कोरिया की संस्कृति

उन्होंने कहा, कोरिया फिल्म निर्माण, सीरीज और रोमांस के मामले में बहुत बढ़िया है। मुझे लगता है कि जब आप इसे देखते हैं तो लगता है कि इसमें बहुत कुछ बॉलीवुड से लिया गया है। मुझे उनका संगीत, फैशन, संस्कृति और इससे जुड़ी हर चीज बहुत पसंद है।

### इस फिल्म में दिखी थीं दिशा

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में दिशा की फिल्म कल्कि 2898 एडी रिलीज हुई थी। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में थे। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म के बाद नाग अश्विन जल्द ही इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी शुरू करने जा रहे हैं।

# ढूंढने से भी नहीं मिल रही नोरा की नई फिल्म 'मटका'

इन दिनों नोरा फतेही की टीम का पूरा जोर इसी बात पर रहता है कि किसी तरह लोग उनके अभिनय के बारे में लिखना शुरू कर दें। और, ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी छवि हिंदी सिनेमा और साउथ सिनेमा में आइटम डांस नंबर करने वाली हीरोइन की बन चुकी है। नोरा फतेही कनाडा से हैं। शूटिंग के समय लोग उन्हें 'कनाडा कुमारी' भी कहकर बुलाते हैं। एक बड़े फिल्म निर्माता का उन्हें वरद हस्त हासिल है, लेकिन इसके बावजूद उनकी नई फिल्म को सिनेमाघर वाले रिलीज करने को तैयार नहीं दिखते।

इस हफ्ते साउथ सिनेमा की दो फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर सीधा मुकाबला है। देश भर में खूब प्रचारित प्रसारित की गई फिल्म 'कंगुवा' से दर्शकों के साथ साथ ट्रेड को भी बहुत ज्यादा उम्मीदें रही हैं। फिल्म का बजट करीब 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म में तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक सूर्या हैं। उनके साथ फिल्म 'एनिमल' के बाद बड़े परदे पर दूसरी बार विलेन बने बॉबी देओल भी है। साथ में दिशा पाटनी, योगी बाबू और तमाम दूसरे सितारे हैं। फिल्म गुरुवार को देश दुनिया में रिलीज हो चुकी है। सबसे ज्यादा शोज भी इसी फिल्म को मिले लेकिन फिल्म की हालत पहले दिन से ही खराब होती दिख रही है।



# दिल का दरवाजा खोल न डार्लिंग में दिखेंगी जया बच्चन

### अभिनेत्री का अलग अंदाज देख लोग हुए हैरान



### 2025 में आएगी फिल्म

निर्माताओं ने गुरुवार (14 नवंबर) को इस फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी किया। तस्वीर में जया बच्चन मस्ती भरे मूड में देखा जा सकता है। वह वामिका और सिद्धांत के साथ एक म्यूजिक बैंड का हिस्सा नजर आ रही हैं। निर्माताओं के एलान के मुताबिक यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म क्रीन और सुपर 30 जैसी शानदार फिल्म का निर्देशन कर चुके विकास बहल इन दिनों अपनी नई फिल्म दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग बना रहे हैं। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन, सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### निर्माताओं ने नाम सोशल मीडिया पर किया एलान

सोशल मीडिया पर पहली झलक साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, प्यार और हंसी का ताला खोलते हुए, दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग 2025 में पर्दे पर! क्या आप चाबी घुमाने के लिए तैयार हैं? इस घोषणा ने कई फिल्म प्रेमियों को उत्साहित कर दिया।

### जया को देखकर लोग हैरान

इस फिल्म के पोस्टर पर लोग जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, यह मजेदार लग रहा है। एक शख्स ने लिखा, चलो चलें!। इसके अलावा लोग जया बच्चन के इस अंदाज को भी देखकर हैरान हैं। दरअसल, जया को अक्सर गंभीर भाव में देखा जाता है। वहीं, पोस्टर में वह मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं, यही वजह है कि तस्वीर को देखकर फैंस को यकीन नहीं हो रहा है कि इसमें दिखने वाली अभिनेत्री जया बच्चन ही हैं।

# मीका सिंह के लिए पाकिस्तानी फैन ने खोला खजाना



मीका सिंह ने अपने अलग स्टाइल की गायकी के लिए मशहूर हैं। उनके गाए कई गाने आज भी लोगों के दिलों पर राज करते हैं। हाल ही में गायक अमेरिका के दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने लाइव प्रस्तुति दी थी। इस कार्यक्रम की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हालांकि, इनमें से एक वीडियो ऐसा है जो सबसे अधिक लोगों का ध्यान खींच रहा है।

### पाकिस्तानी फैन ने दिए महंगे तोहफे

इस वीडियो में मीका का एक फैन उन्हें महंगे तोहफे देता नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका यह फैन पाकिस्तानी है, जिसने मंच पर जाकर गायक पर महंगे तोहफों की बरसात कर दी।

### चर्चा में आया वीडियो

हाल ही में एक पैपराजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में मीका को बिलोक्सी कॉन्सर्ट में देखा जा सकता है। वीडियो में इस कार्यक्रम के दौरान एक प्रशंसक मीका के लिए अपने प्यार बरसाता हुआ दिख रहा है। वीडियो में प्रशंसक को भीड़ के बीच हाथ में एक मोटी सोने की चेन लेकर मीका की ओर हाथ से इशारे करते हुए देखा जा सकता है। यह देखते हुए गायक ने फैन को स्टेज पर बुला लिया।

-साभार एजेंसी



# भेजा फ्राई से घर-घर में मशहूर हुई भैरवी

भैरवी गोस्वामी अपना जन्मदिन मना रही हैं। भैरवी गोस्वामी मॉडल और टेलीविजन होस्ट। अभिनेत्री ने फिल्म भेजा फ्राई से फिल्मी करियर की शुरुआत की। भैरवी गोस्वामी ने दिल मांगे मोर चाय, कॉफी या मैं जैसे शो होस्ट किए हैं। भैरवी गोस्वामी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री ने माई फ्रेंड गणेशा मिस्टर भट्टी ऑन छुट्टी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पूर्व भारत को झटका, केएल राहुल के लगी चोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन के दौरान चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होना पड़ा। राहुल को फिजियो की देखरेख में मैदान से बाहर जाते हुए देखा गया। मैदान से बाहर निकलते हुए उनकी तस्वीरें तुरंत वायरल हो गईं क्योंकि चोट ने उनके फॉर्म को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

सीरीज का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगा। राहुल का प्रदर्शन जांच के दायरे में रहा है, खासकर न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उनके संघर्ष के बाद जहां भारत को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरू में आयोजित उस सीरीज में अपने एकमात्र टेस्ट में राहुल 0 और 12 के स्कोर पर आउट हो गए जिसके कारण उन्हें अगले दो टेस्ट से बाहर कर दिया गया।

राहुल, अभिमन्या ईश्वरन के साथ, पहले बीजीटी टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के जोड़ीदार बनने की दौड़ में हैं, कप्तान रोहित शर्मा के अनुपलब्ध रहने की संभावना है क्योंकि उनकी पत्नी दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के मैच में राहुल का खराब दौर जारी रहा जहां उन्होंने केवल 4 और 10 रन बनाए। बढ़ते दबाव के साथ राहुल अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि भारत चुनौतीपूर्ण ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखना चाहता है। भारत ऑस्ट्रेलिया में अपनी लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीत का लक्ष्य बना रहा है।

## प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हुए सरफराज, पहले मैच की प्लेइंग इलेवन के लिए हैं बड़े दावेदार!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाना है। इस टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया जमकर अभ्यास कर रही है, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान 14 नवंबर यानी गुरुवार को चोटिल हो गए।

प्रैक्टिस के दौरान सरफराज खान के दाहिनी कोहली पर चोट लग गई। इस वायरल वीडियो में सरफराज खान अपनी कोहली को पकड़कर नेट से बाहर निकलते हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चोट लगने के बाद उन्हें अन्य किसी तरह की परेशानी ना हो इसकी वजह से वो नेट छोड़कर चले गए।

वहीं बाद में सरफराज खान को टीम के अन्य सदस्यों के साथ वक्त बिताते हुए देखा गया और उन्होंने शुभमन गिल से लंबी बातचीत भी की। सरफराज खान 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले टेस्ट मैच में प्लेइंग इलेवन के दावेदार भी हैं।

सरफराज खान नंबर 6 के लिए परफेक्ट हैं, लेकिन उन्हें केएल राहुल और ध्रुव जुरैल से कड़ी टक्कर मिल सकती है। हालांकि सरफराज पहले टेस्ट मैच का हिस्सा होंगे या नहीं इस पर आखिरी फैसला टीम मैनेजमेंट को करना है।

वहीं सरफराज को टीम में जगह मिलेगी या नहीं ये रोहित शर्मा की उपलब्धता पर भी निर्भर करता है। माना जा रहा है कि अगर रोहित शर्मा पर्थ टेस्ट मैच में नहीं खेलते हैं तो इस बात की संभावना है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल टीम के लिए ओपन कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो फिर ध्रुव जुरैल और सरफराज खान में से कोई एक प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा।



### आईपीएल नीलामी से पहले अंशुल कम्बोज का कहर

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1 पारी में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय बने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी में अंशुल कम्बोज से पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अंशुल कम्बोज कुल मिलाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बने।

अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी।

उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कम्बोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

### केन विलियमसन की वापसी



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपनी चोट से उबरने के बाद टेस्ट टीम में वापस आ गए। विलियमसन सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ लगी कमर की चोट से जूझ रहे हैं और हाल ही में भारत में हुई सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे, जिसमें न्यूजीलैंड ने रोहित शर्मा की टीम को 3-0 से हराया था।

विलियमसन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के लिए टीम का हिस्सा हैं। टॉम लाथम कप्तान बने रहेंगे और उन्हें अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी के साथ टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने शुक्रवार को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान के पूरा होने पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की योजना की घोषणा की। यह हैमिल्टन में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले हो सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर रहने और अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड पर क्लीन स्वीप की आवश्यकता होगी।

न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज बेन सियर्स (घुटने) और काइल जैमीसन (पीठ) के लिए कोई जगह नहीं है क्योंकि वे चोट से उबर रहे हैं, बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने विलियमसन के लिए जगह बनाई है, जबकि स्पिन जोड़ी एजाज पटेल और ईश सोढ़ी के लिए कोई जगह नहीं है, हालांकि भारत के खिलाफ हाल ही में कुछ अच्छे प्रदर्शन हुए हैं। साथी स्पिनर मिशेल सेंटनर को सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए शामिल किया गया है क्योंकि वह साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं जिसके कारण उन्हें भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट छोड़ना पड़ा था जबकि गेंदबाजी ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को न्यूजीलैंड में घरेलू स्तर पर कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शामिल किया गया है।

#### सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट-28 नवंबर - 2 दिसंबर, हेगले ओवल, क्राइस्टचर्च।

दूसरा टेस्ट - 6-10 दिसंबर, बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन।

तीसरा टेस्ट - 14-18 दिसंबर, सेडन पार्क, हैमिल्टन।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स इंग्लैंड ने आईसीसी के हवाले से कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह टीम के लिए बड़ी सीरीज है और टिम साउथी जैसे खिलाड़ी को विदाई देना इसे और भी महत्वपूर्ण बना देता है। टिम का करियर शानदार रहा है और वह महान ब्लैक कैप्स में से एक के रूप में जाने जाएंगे। मुझे यकीन है कि टीम और जनता टिम को इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में शानदार विदाई देना चाहेंगे।

**न्यूजीलैंड टीम:** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओरुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर (दूसरा और तीसरा टेस्ट), नाथन स्मिथ, टिम साउथी, केन विलियमसन, विल यंग।

## विश्व कप क्वालीफायर में पराग्वे ने अर्जेंटीना को हराया

**असंसियोन, एजेंसी।** पराग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर वर्ल्ड कप क्वालिफायर में एक रोमांचक जीत हासिल की। एंटोनियो सनाब्रिया और ओमार अल्डेरेटे ने टीम के लिए गोल किए। मैच का पहला गोल करते हुए इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल किया। उन्होंने एनज़ो फर्नांडीज के शानदार पास पर दौड़ते हुए गेंद को अपने कंट्रोल में लिया और दूर के कोने में सटीक शॉट मारा। थोड़ी देर बाद, सनाब्रिया ने गुस्तावो वेलास्केज के क्रॉस पर शानदार ओवरहेड वॉली से पैराग्वे के लिए स्कोर बराबर कर दिया। हाफटाइम के तुरंत बाद अल्डेरेटे ने डिएगो गोमेज़ की फ्री-किक पर हेडर मारकर पैराग्वे को बढ़त दिलाई।



अर्जेंटीना की टीम कोई गोल करने में सफल नहीं हो सकी और उनको मैच 1-2 से गंवाना पड़ा। हालांकि इस हार के बावजूद, अर्जेंटीना 11 मैचों में 22 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी जोन में शीर्ष पर बनी हुई है और वह पैराग्वे से छह अंक आगे है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष 6 टीमें 2026 वर्ल्ड कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान की टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में मौका मिलेगा।

### टिम साउदी का टेस्ट से संन्यास का ऐलान

## इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन में खेलेंगे आखिरी मैच

- न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 770 विकेट लिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ 28 नवंबर से शुरू हो रही सीरीज के अंत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। साउदी 15 दिसंबर को हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। 35 साल के साउदी ने कहा- यदि हमारी टीम फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। साउदी तीनों फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के टॉप विकेट टेकर हैं। उनके नाम 770 इंटरनेशनल विकेट दर्ज हैं।

**टिम साउदी का पूरा बयान...**

इंटरनेशनल क्रिकेट में 770 विकेट लिए टिम साउदी न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 770 विकेट लिए हैं। साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए अभी तक 104 टेस्ट, 161 वनडे और 125 टी-20 मैच खेले हैं। टेस्ट में 385, वनडे में 221 और टी-20 में 164 विकेट लिए हैं।



साउदी ने 4 वनडे वर्ल्ड कप, 7 टी-20 वर्ल्ड कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट और 2019-21 साइकिल के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है।




## तालिबान के कब्जे के बाद पहली बार खेलेंगी टी20 मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में निर्वासन में रह रहीं अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों को आखिरकार एक साथ खेलने का मौका मिलेगा। जनवरी 2025 में मेलबर्न में एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाएगा। 30 जनवरी को जंक्शन ओवल में एक टी20 मैच में अफगानिस्तान की महिला इ्द्ध का सामना क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन से होगा।

**महिला एशेज टेस्ट के साथ होगा टी20 मैच:** यह मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में महिलाओं के डे-नाइट एशेज टेस्ट के साथ होगा। महिला एशेज टेस्ट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम के बीच 30 जनवरी से 2 फरवरी तक खेला जाना है। यह पहला मौका होगा जब तालिबान का कब्जा होने पर अफगानिस्तान छोड़ने के बाद महिला टीम मैदान पर एक साथ नजर आएगी। अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन होने के बाद से वहां की महिलाएं क्रिकेट खेलने के अधिकार से वंचित हो गई हैं।

इस संबंध में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले की ओर से शुक्रवार (15 नवंबर 2024) को बयान जारी किया गया।'ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद से क्रिकेट और समुदाय के कई लोग अफगानिस्तान की महिला टीम के सदस्यों को समर्थन देने के लिए एक साथ आए हैं और यह मैच उनके प्रयासों का जश्न होगा।'

**कैनबरा और मेलबर्न में रहती हैं अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटर्स**

ऑस्ट्रेलियाई सरकार अफगानिस्तान की महिला टीम की खिलाड़ियों के लिए अवसर बनाने में शामिल रही है। अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से कैनबरा और मेलबर्न में रहती हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं के खेल खेलने पर तालिबान के प्रतिबंध का हवाला देते हुए, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने 2021 में आयोजित होने वाले एकमात्र टेस्ट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था।

इस साल की शुरुआत में, पहले से अनुबंधित 17 महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी टीम की स्थापना में मदद के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पत्र लिखा था।

पत्र में कहा गया है, 'शरणार्थी टीम बनाने का हमारा लक्ष्य अपनी प्रतिभा को विकसित करना और प्रदर्शित करना, अफगानिस्तान में बची महिलाओं को उम्मीद देना और अफगानिस्तान की महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना है।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

### सीरीज में बनाई अजय बढ़त

**ग्रॉस आइसलेट, एजेंसी।** साकिब महमूद और जेमी ओवटर्न (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सैम करन (41) और लियम लिविंगस्टन (39) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 5.3 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट,कप्तान जॉस बटलर और जेकब बेथेल चार-चार रन बनाकर आउट हुये। विल जैक्स और सैम करन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में गुडाकेश मोती ने विल जैक्स (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सैम करन ने 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। लियम लिविंगस्टन ने 28 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर (39) रन बनाए। डैन माउजली(आठ) रन बनाकर आउट हुए।



जेमी ओवटर्न (चार) और रेहान अहमद (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 149 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंग्लैंड के 17 रन देकर तीन विकेट लेने वाले साकिब महमूद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने चार विकेट लिए।

# दीपिका ने दागे 5 गोल, भारत ने थाईलैंड को 13-0 से रौंदा

**राजगीर (बिहार), एजेंसी।** युवा फॉरवर्ड दीपिका ने पांच गोल किए, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने तीसरे ग्रुप चरण के मैच में थाईलैंड के खिलाफ 13-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। दीपिका ने तीसरे, 19वें, 43वें, 44वें और 45वें मिनट में गोल किए, जबकि प्रीति दुबे (9', 40'), लालरेमसियामी (12', 56') और ब्यूटी डुंगडुंग (30'), नवनीत कौर (53') और मनीषा चौहान (55', 58') ने भी भारत के लिए अन्य गोल किए।

उल्लेखनीय रूप से, लेलरेमसियामी ने इस मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 150 मैच खेलने का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, साथ ही प्रीति दुबे ने 50 मैच पूरे किए। भारत ने पहले क्वार्टर में पूरी ताकत से खेला।

दीपिका ने पहला मौका भुनाया और सर्कल के बीच से रिवर्स टॉमहॉक लॉन्च किया, जो थाईलैंड की गोलकीपर सिराया यिमक्राजंग को चकमा दे गया। थाईलैंड ने बैकलाइन पर गेंद घुमाकर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की, लेकिन भारत ने लगातार गोल करने के मौके बनाते हुए खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। संगीता ने राइट विंग से गेंद को वापस प्रीति दुबे को कट किया, जिन्होंने अपने 50वें मैच में गोल में आसान पुश के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। गुरुवार को अपने मील के पत्थर का जश्न मना रही लालरेमसियामी ने क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते गोल किया, जब सलीमा टेटे का शॉट गोल लाइन पर बचा लिया गया था। भारत का शानदार खेल दूसरे क्वार्टर में भी जारी रहा, जहां दो मिनट के अंदर ही उसे पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। हालांकि थाईलैंड ने अपने गोल पर कई प्रयासों को बचाने की कोशिश की, लेकिन दीपिका ने जल्द ही सर्कल में एक ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जब नवनीत कौर का पास इंटरसेप्ट किया गया, और तेज़ी से हाफ-टर्न लेकर उसे नेट में डाल दिया, जिससे भारत का स्कोर 4-0 हो गया।



भारत की रक्षा अभेद्य थी, जिसने किसी भी जवाबी हमले को रोक दिया, जबकि सलीमा और नेहा ने मिडफील्ड पर दबदबा बनाया, और लगातार शूटिंग सर्कल में टीम के साथियों को ढूंढा। पहले हाफ के आखिरी मिनट में भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। नज़दीकी शॉट्स और बचाव के अराजक क्रम के बाद, ब्यूटी डुंगडुंग ने गेंद को गोल में पहुंचाया, और भारत के लिए पहला हाफ शानदार रहा।

तीसरे क्वार्टर में थाईलैंड को अपने ही हाफ में वापस जाना पड़ा, क्योंकि अथक भारतीय फ़ॉरवर्ड लाइन ने लगातार पिच के ऊपर से गेंद को जीतते हुए गोल में सिराया यिमक्राजंग को ख़तरा पैदा किया। क्वार्टर में पांच मिनट बचे थे, भारत ने वैष्णवी के ज़रिए जवाबी हमला किया, जिसने प्रीति को थाईलैंड की रक्षा पंक्ति से आगे भागते हुए पाया। प्रीति ने आगे बढ़ते हुए गोलकीपर को चकमा देकर खाली गोल में गेंद डाली, अपना दूसरा गोल किया और भारत के लिए स्कोर 6-0 कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला 2024: कैलाश खेर की गायकी का चला जादू

**पुष्कर , एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले में अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला 2024 की गुरुवार की शाम एक यादगार बन गई। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने अपनी अद्भुत आवाज से समां बांध दिया। कैलाश खेर का परफॉर्मेंस सुनने के लिए पुष्कर मेला मैदान में सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे, लेकिन उनके आगमन में देरी और व्यवस्था की खामियों के कारण कुछ असुविधाएं भी देखने को मिलीं। गायक कैलाश खेर ने अपनी संगीतमाला से मेला मैदान को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने जाना जोगी दे नाल से कार्यक्रम की शुरुआत की और फिर एक के बाद एक, अपने लोकप्रिय गीतों से श्रोताओं का दिल जीता। उनके गीत मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया, आओ जी, कैसे बताए कि तुमको, रंग दीनी रंग दीनी, और तेरी दीवानी पर लोग झूमने लगे. इन गीतों के साथ-साथ कैलाश खेर ने योगी, बम लहरी, और यह दुनिया ऊट पटांगा जैसे गानों से भी श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेश सिंह रावत, और अविनाश गहलोत समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### छात्रों को भजनलाल सरकार देगी 2 हजार रूपये प्रति माह

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान की भजनलाल सरकार पढ़ाई के लिये घर से दूर किराये के मकान में रह कर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों को सरकार अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 2,000 रुपये भत्ता प्रदान करेगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि यह आवेदन सत्र 2024-25 के लिए किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को दस माह के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और अल्पसंख्यक वर्ग के जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में अध्ययनरत छात्र ही पात्र होंगे। योजनान्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 30 नवम्बर 2024 तय की गई है। योजना के लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख (एससी, एसटी एवं एसबीसी के लिए), 1.50 लाख (ओबीसी के लिए) एवं 1.00 लाख (ईडब्ल्यूएस के लिए) रुपये से अधिक नहीं हो चाहिए। साथ ही विद्यार्थी जहाँ पढ़ रहा है और उसके माता-पिता का मकान उसी जिला मुख्यालय पर होने पर वह इसका पात्र नहीं होगा। आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई-मित्र या एसएसओ आईडी के द्वारा किया जा सकता है

### पाली में भीषण हादसा, महाराष्ट्र के कारोबारी का पूरा परिवार खत्म; गलती भारी पड़ गई

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में भीषण सड़क हादसा में 5 लोगों की मौत हो गई है। कार में महाराष्ट्र के कोडोली जिला के कोल्हापुर निवासी कारोबारी का परिवार था। हादसे में कारोबारी बाबूराव, उनकी पत्नी सारिका, बेटी साक्षी, बेटा संस्कार की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के दो अन्य सदस्य चिन्मय और प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से भी आज सवेरे एक अन्य ने दम तोड़ दिया। सांडेराव थाना पुलिस ने बताया कि केनपुरा गांव के नजदीक बीती रात सड़क हादसा हुआ। हाइवे पर एक कार तेज रफ्तार में थी कि सामने मवेशी आ गया और कार पलट गई। गुरुवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार में सवार छह लोगों में से पांच की मौत हो गई है और बाकि बचे हुए परिवार के एक सदस्य की हालत बेहद ही गंभीर है। हादसे की वजह सड़क पर अचानक सामने आने वाला मवेशी था। मवेशी के सामने आने के कारण अचानक ब्रेक लगाए गए और कार पलट गई। पुलिस ने देर रात ही परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी है और वहां से परिवार के लोग आज पाली पहुंच रहे हैं। परिवार के सदस्यों से बातचीत के आधार पर पुलिस ने बताया कि कोल्हापुर निवासी बाबूराव अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ राजस्थान के सिरोही इलाके में आए थे। वहां शिवगंज इलाके में रहने वाले अपने एक दोस्त के घर ठहरे थे और फिर वहां से जोधपुर घूमने के लिए दोस्त की कार लेकर निकले थे। जोधपुर घुमने और बीमार रिश्तदार से मिलने के बाद वापस शिवंगज लौट रहे थे कि पाली जिले के सांडेराव इलाके में यह भीषण सड़क हादसा हो गया। कार भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई।

# देवेंद्र फडणवीस ने माना- रिजल्ट के बाद ही पता चलेगा कौन किसके साथ, सीएम पद पर बोले



**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में कभी 4 राजनीतिक दल हुआ करते थे, लेकिन शिवसेना और एनसीपी में बंटवारे के चलते 6 पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। इस बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या चुनाव के बाद भी यही तस्वीर बनी रहेगी या कुछ दल पालाबदल भी कर सकते हैं। अजित पवार की पार्टी ने इसके संकेत भी दिए हैं और कहा है कि असली तस्वीर चुनाव के बाद ही सामने आएगी। इस बीच डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने भी स्वीकार किया है कि चुनाव के बाद कुछ भी हो सकता है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनाव 'अजब' है और 23 नवंबर को परिणाम घोषित होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कौन गुट किसका समर्थन कर रहा है।

फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और भाजपा के गठबंधन 'महायुति' को कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) पर बढ़त हासिल है। फडणवीस ने कहा, 'ये चुनाव अजीब हैं। हमें नतीजों के बाद ही पता चलेगा कि कौन किसके साथ है। महायुति के भीतर भी आंतरिक विरोधाभास है।' उन्होंने दावा किया कि एमवीए को भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। फडणवीस ने कहा कि उनकी पार्टी का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' एमवीए के चुनाव प्रचार अभियान के जवाब में गढ़ा गया है।

भाजपा नेता ने दावा किया कि उनके सहयोगियों अशोक चव्हाण और पंकजा मुंडे के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री अजित पवार इसके 'मूल' अर्थ को समझने में विफल रहे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाले इस नारे ने विपक्ष को इसकी निंदा करने के लिए एकजुट कर दिया है। विपक्ष का दावा है कि इस नारे के सांप्रदायिक निहितार्थ हैं, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने भी इस पर आपत्ति जताई है।

फडणवीस ने कहा कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' कांग्रेस नीत महाविकास आघाडी के विभाजनकारी चुनाव प्रचार अभियान के जवाब में गढ़ा गया नारा है। इस नारे का मूल संदेश यह है कि 'सभी को एक साथ रहना होगा।' फडणवीस ने कहा, 'इस नारे का मतलब यह नहीं है कि हम मुस्लिमों के खिलाफ हैं। हमने यह नहीं कहा कि लाडकी बहिन योजना का लाभ मुस्लिम महिलाओं को नहीं दिया जाएगा।' उन्होंने दावा किया, 'बंटेंगे तो कटेंगे' भी कांग्रेस और एमवीए के तुष्टिकरण का जवाब है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान 'वोट जिहाद' का प्रयोग किया और मस्जिदों में पोस्टर लगाए गए, जिसमें लोगों से एक विशेष पार्टी को वोट देने का आग्रह किया गया। यह किस तरह की धर्मनिरपेक्षता है। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने चुनाव बाद खुद के सीएम बनने की संभावनाओं पर भी बात की। उनसे पूछा गया कि क्या आपका प्रमोशन होगा? इस सवाल को वह हंसकर टाल गए। लेकिन यह भी कहा, भाजपा मुझसे जो भी करने को कहेगी, मैं वह करूंगा। 'जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां।' भाजपा जहां भी जाने को कहेगी, मैं वहां जाऊंगा।'

### हमलावरों ने बर्बाद कर दिया भारत का विज्ञान, 1000 सालों में सोच ही खत्म हो गई: नारायणमूर्ति

**बेंगलुरु , एजेंसी।** आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति का कहना है कि भारत यदि विज्ञान पिछड़ गया तो इसकी वजह यह रही 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा। उन्होंने कहा कि 1000 साल की अवधि में भारत को विज्ञान में पीछे रह गया और यहां माहौल ऐसा रहा कि युवाओं की उस दिशा में सोच ही विकसित नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि 1000 ईसवी से 1947 तक का काल ऐसा था, जिसमें साइंस को लेकर सोच विकसित नहीं हो सकी। इस दौरान साइंस को लेकर विचार नहीं पनपा और विश्लेषणात्मक सोच का अभाव रहा। यही कारण रहा कि इस अवधि में भारत में नवाचार, आविष्कार या शोध नहीं दिखते। नारायणमूर्ति ने 2024 इन्फोसिस साइंस प्राइजेज सेरेमनी के दौरान दिए वर्चुअल भाषण में ये बातें कहीं। इजरायल के पूर्व नेता शिमोन पेरेज के भाषण का भी उन्होंने जिक्र किया। पेरेज ने कहा था, इज़राइल में हमने अपनी सबसे बड़ी धरोहर को पहचाना है और वह हमारा दिमाग। हमने रचनात्मकता, नवाचार और नए आविष्कारों के माध्यम से बंजर रेगिस्तानों को फलते-फूलते खेतों में बदल दिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को नई ऊंचाइयां दीं और दुनिया का नेतृत्व किया। मूर्ति ने कहा किसी भी देश के विकास के लिए ऐसे विचार क्रांतिकारी हैं।

इसके आगे वह कहते हैं कि इतिहास बताता है कि एक दौर में भारत गणित, विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग, मेडिसिन और सर्जरी में अग्रणी था। वैदिक काल से तब तक ऐसी स्थिति थी, जब तक हमलावरों ने भारत पर आकर कब्जा नहीं किया। 700 से 1520 ई. तक उज्बेकिस्तान से अफगानिस्तान तक के हमलवारों ने अटैक किए और यहां सत्ता भी कायम की। इसके बाद अंग्रेज आ गए, जिन्होंने भारत को अपना उपनिवेश ही बना लिया था। उन्होंने कहा कि जो हमलावर आए थे, उनका साइंस, मैथ से कोई लेना-देना नहीं था। हालांकि उनकी तुलना में अंग्रेजों ने भारतीयों को महत्वाकांक्षी कामों के लिए कुछ हद तक प्रोत्साहित भी किया। वह कहते हैं कि हमारी प्रोग्रेस धीमी रही है। इसका कारण था कि हमारी युवा पीढ़ी पर बीते दौर की छाप थी। जिज्ञासु दिमागों की कमी हो गई। विश्लेषणात्मक सोच एवं नवाचार का विचार पहले जैसा नहीं रहा। समस्या को समझना और उसका हल निकालना, यह विचार कम दिखा।

### फरीदाबाद टू गाजियाबाद का सफर होगा और आसान, एफएनजी प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे 900 करोड़

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद से नोएडा-गाजियाबाद का सफर करने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग की ओर से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) परियोजना जल्द शुरू करने की तैयारी की गई है। इसके निर्माण और जमीन अधिग्रहण समेत अन्य कामों पर करीब 900 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

परियोजना को जिला स्तर पर मंजूरी के लिए सोमवार को सभी विभाग अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। इसके बाद सरकार से मंजूरी के बाद योजना को रफ्तार दी जाएगी। इसके बनने से फरीदाबाद से नोएडा और गाजियाबाद जाने का सफर आसान हो जाएगा। साथ ही लोग एक शहर से दूसरे शहर बेहतर तरीके से आवागमन कर सकेंगे।

औद्योगिक नगरी रोजाना करीब एक लाख लोग रोजाना नौकरी व अन्य कामों के लिए नोएडा-गाजियाबाद आवाजाही करते हैं। नोएडा और फरीदाबाद के बीच यमुना नदी है। इस कारण दो राज्यों के बीच अभी कोई सीधी सड़क नहीं है। लोगों को सड़क मार्ग से कालिंदीकुंज होकर नोएडा जाना पड़ता है। यहां सुबह-शाम भारी जाम की समस्या रहती है। वहीं, दिल्ली की तरफ से नोएडा जाने पर घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ता है। इसी परेशानी को दूर करने के लिए अब एफएनजी योजना के काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, एफएनजी एक्सप्रेसवे की शुरुआत ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 87 स्थिति निजी अस्पताल के पास से होगी। यहां से खेड़ी गांव होते हुए गांव लालपुर में यमुना किनारे तक नौ किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी।

### नरेश मीणा के बहाने अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को घेरा?

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने नरेश मीणा के बहाने इशारों में सचिन पायलट को घेरा है। हालांकि, गहलोत ने नाम नहीं लिया है, लेकिन इशारा सचिन पायलट की तरफ ही माना जा रहा है।बता दें नरेश मीणा विधानसभा उपचुनाव के दौरान कहा कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बना देते तो कांग्रेस की सरकार नहीं जाती। सियासी जानकार गहलोत के बयान को पायलट पर सियासी हमले के तौर पर देख रहे है। गहलोत ने कहा कि नरेश मीणा खड़े कैसे हुए? किसकी शह पर खड़े हुए? वो तो कांग्रेस में आ चुके थे। क्या बीजेपी को जिताने के लिए खड़ा किया गया? कांग्रेस कमेटी इसकी जांच कर रही है। जानकारों के मुताबिक माना जा रहा है कि गहलोत पायलट को घेरने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि नरेश मीणा पायलट समर्थक रहे हैं, लेकिन टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतर गए। हालांकि, सचिन पायलट ने साफ कह दिया है कि नरेश मीणा की अब कांग्रेस में वापसी नहीं होगी। गहलोत ने नरेश मीणा के एडसीएम को थप्पड़ मारने के मामले में कहा कि राज्य सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। कानून-व्यवस्था ठप हो चुकी है।उन्होंने कहा कि देवली उनियारा में जो भी घटनाक्रम हुआ है, यह हुआ क्यों? यह घटना कोई मामूली घटना नहीं थी। अगर कोई व्यक्ति अधिकारी को थप्पड़ लगाए, ऐसी स्थिति बनी ही क्यों? इतनी हिम्मत कैसे हो सकती है किसी की। हम बार-बार सरकार से कहते हैं कि गुड गवर्नेंस दें, ताकि पूरे प्रदेश का भला हो। सरकार को आलोचना को हमेशा सकारात्मक रूप से लेना चाहिए।गहलोत ने कहा कि साल भर होने जा रहा है, बार-बार कहते हैं जिले खत्म कर दिए जाएंगे।

## सुरक्षा की गई थी कम, हरियाणा विधानसभा में उठा अनिल विज के खिलाफ साजिश का मुद्दा



**चंढीगढ़ , एजेंसी।**
हरियाणा सरकार में ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने चुनाव के दौरान जान का खतरा होने का दावा कर चौंका दिया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अपनी जान को खतरा होने की बात करते हुए अनिल विज ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने मुख्य सचिव को एक चिट्ठी भी लिखी थी लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए अनिल विज ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्य सचिव को लिखित रूप से जान को खतरा होने की जानकारी दी थी।

पिछले सप्ताह विज ने दावा किया था कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने उनके खिलाफ साजिश रची थी। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान उनकी सुरक्षा कम कर दी गई थी। इस मामले पर कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने सदन में विज की सुरक्षा को लेकर चिंता जताया। इसे लेकर सदन में खूब हंगामा भी हुआ। सदन में हुए हंगामे पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा, मैंने पहले ही तत्कालीन मुख्य सचिव को लिखित रूप से सूचित कर दिया था और उन्हें फोन पर भी हालात से अवगत करा दिया था। देखते हैं क्या होता है। अपनी सुरक्षा में कटौती के बारे में विधानसभा में उठाए गए मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर अनिल विज ने कहा, अगर मैंने कोई मुद्दा उठाया है तो यह गंभीर है। जांच शुरू होने पर और भी बातें सामने आएंगी। हालांकि अभी तक किसी ने मुझसे इस बारे में नहीं पूछा है।

कांग्रेस द्वारा विधानसभा में ईवीएम का मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा, यह कांग्रेस के एजेंडे का हिस्सा है और उन्होंने झूठ की यूनिवर्सिटी बना रखी है जिसमें हारने पर चुनाव आयोग को दोष देना और फिर ईवीएम को दोष देना शामिल है। कांग्रेस ने जिन सीटों पर जीत हासिल की, क्या वहां ईवीएम ठीक से काम कर रही थी? अगर ईवीएम में गड़बड़ी थी तो पूरे राज्य में खराब होना चाहिए था। तो कांग्रेस कैसे जीत सकती है और फिर भी यह दावा कर सकती है कि जहां भाजपा जीती वहां ईवीएम में गड़बड़ी थी? यह तर्क बेबुनियाद है। कांग्रेस को उन सीटों पर फिर से मतदान की मांग करनी चाहिए

# यह तो देश का इतिहास रहा है; योगी के बंटेंगे तो कटेंगे पर फडणवीस की मुहर, पंकजा मुंडे ने जताया था ऐतराज

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नारा बंटेंगे को कटेंगे गूंज रहा है। एक पक्ष इसे गलत मानता है तो वहीं भाजपा का कहना है कि यह नारा समाज को अलर्ट करने वाला है कि बंटना गलत होगा। इस बीच राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इसे इतिहास से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि इस नारे में कुछ भी गलत नहीं है। भारत का यह इतिहास ही रहा है कि जब भी बंटे तो देश का नुकसान हुआ। उनकी यह टिप्पणी अहम है क्योंकि पंकजा मुंडे और अशोक चव्हाण जैसे भाजपा नेताओं ने इसे गैर-जरूरी करार दिया था।

फडणवीस ने कहा, मैं योगी जी के इस नारे में कुछ भी गलत नहीं देखता। भारत के इतिहास को ही देखिए। जब-जब बंटे हैं, तब गुलाम बने हैं। यह देश जब भी जातियों, राज्यों, समुदायों में बंटा है तो उसे गुलाम बनना पड़ा है। इस देश का भी विभाजन हुआ है। इसलिए यदि हम बंटे तो कट जाएंगे। यह भारत का इतिहास है। वह कहते हैं कि इस इतिहास को देखें तो पता चलेगा कि नारा कैसे सही है। यदि कोई कहता है कि हमें बंटना नहीं है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। इस पर सवाल उठाने का कोई मतलब नहीं है।वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से यह कहे जाने पर कि विपक्ष ओबीसी को बांटने की कोशिश कर रहा है को लेकर भी फडणवीस ने रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में अपने एक बयान से इस बात का संकेत दिया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में इसका संकेत दिया था। मैं सोचता हूं कि राहुल गांधी ने गलती की है। वह नहीं जानते कि मीडिया हर जगह मौजूद है। इसलिए वह अमेरिका गए और वहां रिजर्वेशन एवं संविधान को लेकर बयान दे आए। उनकी मानसिकता उजागर हो गई। इसके अलावा आप देखेंगे कि वह जिस तरह जातियों में लोगों को बांट रहे हैं। उससे इरादे पता चलते हैं। महाराष्ट्र में तो 350 ओबीसी जातियां हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में 350 ओबीसी जातियां और 54 उपजातियां हैं। वे एक होकर प्रेशर ग्रुप बनाते हैं और राजनीतिक दलों को उनकी मांग स्वीकार करनी पड़ती है। यदि अब ये जातियां बंट गईं तो फिर इनकी कौन सुनेगा। इसलिए बंटने से नुकसान होगा। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस भी पूरे राज्य में खूब रैलियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल आपके बीच वोट जिहाद के लिए आ रहे हैं और आप लोगों को उसका मुकाबला धर्मयुद्ध के जरिए करना होगा।

### अजित पवार से बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बनाई दूरी? कैसे बारामती में बिगड़ सकता है खेल

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार अपने विधानसभा क्षेत्र बारामती में लगातार जनसंपर्क साध रहे हैं। मगर, चर्चाएं ऐसी भी हो रही हैं कि महागठबंधन की सहयोगी बीजेपी के कार्यकर्ता प्रचार में नजर नहीं आ रहे। इसे लेकर कई तरह की बातें होने लगी हैं। बारामती में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तटस्थ रुख अपनाया हुआ है। माना जा रहा है कि अप्रत्यक्ष तौर पर अजित पवार के प्रति नाराजगी दिखाई जा रही है। कार्यकर्ताओं की शिकायत है कि स्थानीय निकाय चुनाव में अपने समर्थकों को जिताने के लिए दादा हमें हराएंगे, फिर हम उन्हें समर्थन क्यों दें। बारामती सीट पर इस समय चाचा बनाम भतीजे के बीच चुनावी लड़ाई है। अजित पवार का मुकाबला भतीजे और शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार युगेंद्र पवार से है।

### अहमदाबाद में होटल का कमरा रात भर के लिए बुक करने की कीमत 50 हजार, आखिर ऐसा क्या हो गया



**अहमदाबाद, एजेंसी।**
ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले का अहमदाबाद में कॉन्सर्ट होने वाला है। इससे पहले शहर में होटलों के कमरे बहुत महंगे हो गए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्स पर कई सारे स्क्रीनशॉट्स शेयर किए हैं। इनमें देखा जा सकता है कि कैसे अहमदाबाद में होटल का एक कमरा रातभर के लिए बुक करने पर 50 हजार रुपये तक देना पड़ा रहा है। कोल्डप्ले कॉन्सर्ट अगले साल 25 जनवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। इससे पहले मुंबई में इस बैंड के तीन शो हो चुके हैं। अहमदाबाद में आलम यह है कि कॉन्सर्ट की तारीख और उसके आसपास के दिनों में होटल बुकिंग बहुत महंगी हो गई है।

स्पंदना नाम की एक्स यूजर ने इसे लेकर कहा, 'अहमदाबाद में 24-25 जनवरी के लिए किसी भी होटल की कीमत 50 हजार रुपये से कम नहीं है। अगर आपको पैसे बचाने हैं तो वडोदरा में रुकिए और यात्रा करके अहमदाबाद जाइए।' प्रीति जैन नाम की इंटरनेट यूजर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, अहमदाबाद के एक होटल में रात भर रुकने के लिए 53,200 रुपये देने होंगे। मयूर जोशी नाम के शख्स ने लिखा, 25 जनवरी को होने वाले कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के चलते अहमदाबाद के होटलों की कीमतें 10 गुना से अधिक बढ़ गई हैं। होटल बुक करने की कोशिश कर रहे लोगों को शुभकामनाएं।

दूसरे कई इंटरनेट यूजर्स ने भी कमेंट किए हैं और होटल की बढ़ी कीमतों पर चिंता जताई है। दूसरी ओर, महाराष्ट्र पुलिस की साइबर शाखा ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग वेबसाइट बुकमाइशो को नोटिस जारी किया है। इसमें जनवरी में आयोजित होने वाले कोल्डप्ले के संगीत समारोह और अन्य कार्यक्रम के लिए नाम आधारित टिकट की बिक्री सहित अन्य सख्त कदम उठाने को कहा है। मकसद से महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने यह नोटिस जारी किया है। ऑनलाइन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से ऐसे लोकप्रिय संगीत समारोहों और कार्यक्रमों की टिकट बुकिंग में आने वाली समस्याओं के बारे में शिकायतों की संख्या बढ़ रही है।

# ड्रग्स, शराब वाले गानों को लेकर दिलजीत दोसांझ को तेलंगाना सरकार का नोटिस

**बच्चों पर भी चेतावनी**



**दराबाद , एजेंसी।**
दलजीत दोसांझ को शुक्रवार 15 नवंबर को हैदराबाद में होने वाले अपने शो से पहले तेलंगाना सरकार से नोटिस मिला है। मशहूर गायक अभिनेता को नोटिस जारी कर कहा गया है कि वे इस कार्यक्रम में ऐसे गाने न गाएं जो शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देते हों। नोटिस में दोसांझ को अपने शो के दौरान 'बच्चों का उपयोग' न करने की चेतावनी भी दी गई है। इसमें आगे कहा गया है कि कॉन्सर्ट के दौरान तेज आवाज और चमकती रोशनी बच्चों के लिए हानिकारक है। दिलजीत दोसांझ का हैदराबाद कॉन्सर्ट देश भर के 10 शहरों में उनके दिल-लुमिनाती टूर का हिस्सा है

यह नोटिस रंगारेड्डी में महिला और बाल, विकलांग और वरिष्ठ नागरिक कल्याण विभाग के जिला कल्याण अधिकारियों ने जारी किया है। नोटिस में वीडियो सबूत पेश कर कहा गया है कि दलजीत दोसांझ ने पिछले महीने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक लाइव शो के दौरान शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने गाए थे।

दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाती टूर का भारत चरण मुंबई, कोलकाता, इंदौर, पुणे और गुवाहाटी सहित 10 शहरों को कवर करेगा। दिलजीत ने अपने दौरे की शुरुआत दिल्ली में एक मेगा शो के साथ की थी। दिल्ली के शो में एक ही दिन में 35,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। वहीं उनके कॉन्सर्ट की लोकप्रियता के बीच फैंस के साथ टिकट को लेकर धोखाधड़ी की खबरें भी सामने आई थी। जयपुर कॉन्सर्ट में दिलजीत ने फर्जी टिकट घोटाले के लिए दर्शकों से माफी भी मांगी।

मामले पर बात करते हुए दिलजीत दोसांझ ने कहा, अगर कोई टिकट में धोखाधड़ी का शिकार हुआ है तो मैं उससे माफी मांगता हूं। हमने ऐसा नहीं किया है। अधिकारी फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों से दूर रहें। दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाती टूर का आखिरी शो 29 दिसंबर को गुवाहाटी में होगा।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)